संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 75 बुधवार 15 जनवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# हर-हर,बम-बम के बीच अखाड़ों का हुआ पहला अमृत स्नान

- » त्रिवेणी तट पर नागा साधु बने आकर्षण का केंद्र
- » महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान मकर संक्राति के पावन अवसर पर नागा श्रद्धालुओं ने खींचा ध्यान
- » अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे नागा साधुओं के अद्भुत प्रदर्शन को देखने को जमा हुई भारी भीड़
- » घोड़ों पर सवार होकर और पैदल चल रहे नागा साधुओं ने शस्त्रों के साथ अपनी युद्ध कला का किया प्रदर्शन





**प्रयागराज,14 जनवरी 2025 (ए)।** महाकुम्भ 2025 के प्रथम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे।

अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्व-अनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू के साथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है। शोभायात्रा के दौरान मीडिया ही नहीं, बल्कि आम श्रद्धालुओं के मोबाइल के कैमरे भी नागा साधुओं को कैप्चर करने के लिए हवा में लहरा रहे थे। नागा भी किसी को निराश नहीं कर रहे थे, बल्कि वो अपने हाव भाव से उन्हें आमंत्रित कर रहे थे। कुछ नागा तो आंखों में काला चश्मा लगाकर आम लोगों से इंटरैक्ट भी कर पा रहे थे। उनकी इस स्टाइल को हर कोई कैद कर लेना चाहता था। यही नहीं, नागा साधु नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए अपनी परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी जोश और उत्साह से भरपूर गतिविधियों ने श्रद्धालुओं के बीच अपार उत्साह पैदा किया। जितने उत्साहित नागा साधु थे, उतने ही श्रद्धालु भी उनकी हर गतिविधि को देख मंत्रमुग्ध हो गए।स्नान के दौरान भी नागा साधुओं का अंदाज निराला था। त्रिवेणी संगम में उन्होंने पूरे जोश के साथ प्रवेश किया और बर्फ के समान पानी के साथ ऐसे अठखेलियां कीं जैसे वो गुनगुने पानी में उतरे हों। इस दौरान सभी नागा आपस में मस्ती करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने मीडिया के साथ भी अठखेलियां कीं और कैमरामैन पर पानी छिड़क दिया।

### महिला नागा संन्यासी भी जुटीं

प्रयागराज। पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। पुरुष नागाओं की तरह ही महिला नागा संन्यासी भी उसी ढंग से तप और योग में लीन रहती हैं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि ये गेरुआ वस्त्र धारत करती हैं उसमें भी ये बिना सिलाया वस्त्र धारण करती हैं। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है। खुद के साथ परिवार के लोगों का पिंड दान करना होता है तब जाकर महिला नागा संन्यासी बन पाती हैं। जब एक बार महिला नागा संन्यासी बन जाती हैं तो उनका लक्ष्य धर्म की रक्षा, सनातन की रक्षा करना होता है। इस महाकुम्भ में हर कोई इनके बारे में जानने को उत्सुक नजर आ रहा है।

### महिला नागा संन्यासी भी जुटीं

पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। पुरुष नागाओं की तरह ही महिला नागा संन्यासी भी उसी ढंग से तप और योग में लीन रहती हैं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि ये गेरुआ वस्त्र धारत करती हैं उसमें भी ये बिना सिलाया वस्त्र धारण करती हैं। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है।

## मकर संक्रांति पर 2.50 करोड़ से अधिक लोगों ने लगाई डुबकी

महाकुम्भ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से दोपहर तक 13 अखाड़ों के साधु संतों ने बारी-बारी अमृत स्नान किया। मेला प्रशासन के



मुताबिक, अपराह्न तीन बजे तक 2.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले सन्यासी अखाड़ों में पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने हर हर महादेव' के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने कहा कि हर 12 साल में पूर्ण कुंभ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुंभ होने पर 144 साल बाद यह महाकुंभ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुंभ में स्नान का अवसर मिलता है। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया।


## यदि आप भी जा रहे हैं महाकुंभ, तो इन नंबरों को रखें संभाल कर कोई भी परेशानी हो तो तुरंत करें संपर्क

महाकुंभ 2025 के दौरान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब तो है ही, साथ ही इस विशाल आयोजन के बीच कई स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधित चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। खासकर कड़ाके की ठंड में, जहां करोड़ों श्रद्धालु डुबकी लगा रहे हैं, वहीं कई लोग स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो चुके हैं। यदि आप महाकुंभ में किसी समस्या का सामना करते हैं, तो निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों और सुविधाओं से मदद ले सकते हैं।

स्वास्थ्य सेवा:1920
पुलिस सहायता: 112
रेलवे से मदद: 18004199139

## श्रद्धा के आगे हाड़ कंपाती ठंड बनी खिलौना

तीर्थराज प्रयागराज में जब उजाले की एक किरण तक नहीं निकली थी, हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच मकर संक्रांति के पावन पर्व पर महाकुम्भ नगर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अमृत स्नान के लिए देश-विदेश से करोड़ों लोग गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर पहुंचे। पवित्र स्नान का यह दृश्य भारतीय संस्कृति और परंपरा की गहराई को दर्शाता नजर आ रहा था।



## महाकुंभ में बीमार पड़े हजारों संत और नेता की हार्ट अटैक से मौत

प्रयागराज में महाकुंभ के पहले दिन सर्दी और शीतलहर के कारण हजारों श्रद्धालु बीमार हो गए। 13 जनवरी को मेला क्षेत्र के केंद्रीय अस्पताल और अन्य ओपीडी में 3000 से अधिक मरीज पहुंचे। इस दौरान, 85 वर्षीय अर्जुन गिरि नामक संत की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके अलावा, महाराष्ट्र के सोलापुर के पूर्व महापौर महेश कोठे की भी निधन हो गया। शाही स्नान के बाद ठंड के कारण उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिसके कारण उनकी मौत हो गई।

केंद्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज कौशिक ने बताया कि 3104 मरीज इलाज के लिए पहुंचे, जिनमें से 37 गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया गया। मेला क्षेत्र के झूंसी और अरैल क्षेत्रों से भी कई मरीज एसआरएन अस्पताल में रेफर किए गए। यहां 24 मरीज आए, जिनमें से 12 को भर्ती किया गया और बाकी को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

## आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सदस्यों ने किया अमृत स्नान



महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर किन्नर अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सभी सदस्यों ने दोपहर में संगम नोज पहुंचकर अमृत स्नान किया। महासंक्रांति के पर्व पर किन्नर अखाड़े ने समाज के कल्याण और उन्नति की कामना की। किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबर

### कालकाजी से सीएम आतिशी ने भरा नामांकन



**नई दिल्ली,14 जनवरी 2025 (ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का सियासी माहौल तेज़ी से गरमाता जा रहा है। सभी प्रमुख पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों के नामांकन में जुटी हुई हैं। इसी कड़ी में, दिल्ली की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार आतिशी ने मंगलवार को कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया।

### बीजेपी के प्रवेश वर्मा की बढ़ीं मुश्किलें

**चुनाव आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश**

**नई दिल्ली,14 जनवरी 2025 (ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आम आदमी पार्टी की शिकायत पर चुनाव आयोग ने दिल्ली पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यह



कार्रवाई पैसे बांटने के आरोपों के मामले में की जाएगी।दरअसल, आम आदमी पार्टी ने बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के अंदर महिलाओं को खुले में 1100 रुपए बांटे हैं।

### अब बांग्लादेश को सबक सिखाने की तैयारी

**नई दिल्ली,14 जनवरी 2025 (ए)।** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग का विवाद गहरा गया है। भारत ने आज बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है।



## सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को मिलेगा 25 हजार रुपए का इनाम

**केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा**



**पुणे,14 जनवरी 2025 (ए)।** सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को केंद्र सरकार की तरफ से 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। फिलहाल यह राशि 5,000 रुपये है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी पुणे में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के दौरान दी।गडकरी ने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में घायल लोगों को गोल्डन ऑवर के दौरान यानी एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो जीवित बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हम ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रहे हैं कि यदि कोई गलत ढंग से सड़क पर खड़े वाहन का फोटो नंबर सहित भेजेगा और उस वाहन का चालाना हो जाएगा तो चालान की राशि का दस प्रतिशत रुपया कमीशन के रूप में सूचना देने वाले व्यक्ति को मिलेगा। इससे लोग सक्रिय और जागरूक होंगे।

## भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और विफलताओं पर अखिलेश यादव का तीखा प्रहार



**लखनऊ,14 जनवरी 2025 (ए)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है, जहां हर योजना भ्रष्टाचार की एक नई कहानी बन गई है। उन्होंने मंहगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था की दुर्दशा के लिए भाजपा की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया।अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का उदाहरण देते हुए कहा कि क्योटो जैसी स्मार्ट सिटी बनाने के वादे केवल झूठे सपने साबित हुए हैं। वाराणसी में सार्वजनिक सुविधाएं, जैसे मैदागिन पार्क के फव्वारे, ओपन जिम और सड़कें, सब बदहाल स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि वाराणसी ही नहीं, बल्कि राजधानी लखनऊ में भी भाजपा के भ्रष्टाचार की छवि साफ देखी जा सकती है।

## जम्मू-कश्मीर में गणतंत्र दिवस पर आतंकी हमले की साजिश

**डोडा,14 जनवरी 2025 (ए)।** गणतंत्र दिवस को लेकर तीन जिलों में हाईअलर्ट जारी किया है। तीनों जिलों की हदें एकसाथ जुड़ती हैं। इन जिलों में पिछले वर्ष आतंकी हमले भी हो चुके हैं। ऐसा सूचना है कि आतंकी कठुआ, किश्तवाड़ और रामबन में आतंकी हमला कर सकते हैं। पिछले दिनों डोडा के ऊपरी इलाकों में आतंकियों के दो समूहों को देखा भी गया। हालांकि एजेंसियां ये पता नहीं लगा पा रहीं कि ये आतंकी पुराने हैं या फिर नया समूह है।

## बिहार के श्रम मंत्री संतोष कुमार को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दी धमकी



**पटना ,14 जनवरी 2025 (ए)।** बिहार सरकार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को लारेस बिशनोई गैंग के द्वारा आज सुबह उनको फ़ोन पर धमकी देकर 30 लाख रूपये की रंगदारी की मांग की और साइबर स्कैम के तहत पैसा लेने की प्रयास किया जिसकी सूचना मिलते ही प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने उनके कार्यालय मे जाकर मिलकर उनका हाल चाल जाना और कहा की यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है इस अवसर पर सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी फ़ोन पर बात कर उनसे कुशल छेम जाना और माननीय मंत्री ने भी बिहार डीजीपी से बात कर पूरी जानकारी दे दिया है और धमकी देने वाले का पता लगाने की बात कही इस अवसर पर आईटी सेल मोनू सिंह बिरजू मांझी सहित अनेक लोग थे।

## कौन सी महिला अफसरों से जुड़ा लेटर हुआ लीक?

**भारत के सेना प्रमुख ने उस लेटर को लेकर नाराजगी जाहिर की है...जो लीक हुआ...आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बहुत ही साफ शब्दों में कहा कि यह नहीं होना चाहिए था...इसके लिए बकायदा जांच हो रही है...तो लीक हुए इस लेटर पर सेना प्रमुख ने क्या कहा,लेटर में क्या था लिखा...**



**» सेना प्रमुख ने लिया बड़ा एक्शन**

**नई दिल्ली,14 जनवरी 2025 (ए)।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि सेना में महिला अधिकारी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और सशस्त्र बल में उनकी संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने एक वरिष्ठ कमांडर की चिंताओं को तवज्जो नहीं देते हुए यह बात कही, जिन्होंने महिला अधिकारियों की कमान वाली इकाइयों के समक्ष पेश आने वाली ''समस्याओं'' को उठाया था। यानी सेना प्रमुख ने साफ शब्दों में संदेश दे दिया है` कि महिला अफसरों की बहादुी पर कोइ भी संदेह न करे। अब समझते हैं आखिर कौन सा लेटर हुआ था लीक? जिसपर उठा विवाद.

### कौन सा लेटर हुआ लीक?

कुछ दिन पहले आर्मी में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी ने एक लेटर लिखा था। पुरी ने सेना के ईस्टर्न आर्मी के कमांडर को भेजे गए फीडबैक में महिला अधिकारियों को लेकर गंभीर चिंताएं जाहिर की गई थी। पुरी ने यह खत पूर्वी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी को लिखा है। उन्होंने खत में लिखा कि कर्नल रैंक की महिला अफसरों के समझदारी व व्यवहार कुशलता की कमी की तरफ इशारा किया है। जनरल पुरी ने खत में अहंकार संबंधी मुद्दे, लगातार शिकायतें और सहानुभूति की कमी का भी जिक्र किया है। इसके बाद यह लेटर लीक हो गया था. जिसके बाद यह विवाद में तब्दील हो गया।

### कोर्ट ऑफ इंक्वॉयरी का आदेश

अब इस मामले में सेना प्रमुख ने बहुत ही साफ शब्दों में जवाब दिया है। जनरल द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि महिला अधिकारी उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। सेना प्रमुख ने कहा, ''जो पत्र लीक हुआ है, उसे लीक नहीं होना चाहिए था. इस बारे में कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है। यह एक धारणा है, यह उनकी धारणा है। उन्हें उस धारणा को व्यक्त करने और टिप्पणी करने का पूरा अधिकार है।'' जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना को मजबूत महिला अधिकारी चाहिए, जो ''काली माता का रूप'' हो. साथ ही, उन्होंने लैंगिक रूप से तटस्थ दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# संपादकीय

## वित्तीय स्थितियां अस्थिर

रोजगार के घटते अवसरों एवं अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्तार ने कुल मिलाकर ऋण-ग्रस्तता की स्थिति को संगीन बना दिया है। इसके बीच निजी ऋ णों की वापसी की स्थितियां प्रतिकूल हो गई हैं। आरबीआई की रिपोर्ट से भी इसके संकेत मिले हैं।भारतीय रिजर्व बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट मौजूद वित्तीय अस्थिरताओं के संकेत देती है। इस रिपोर्ट के साथ ही एक अंग्रेजी अखबार में आरटीआई के जरिए हासिल छपे आंकड़ों को देखें, तो यह संकेत ठोस रूप में मौजूद दिखने लगता है। आरबीआई के मुताबिक कुल कर्ज में सितंबर 2024 तक नॉन परफॉर्मिंग ऋ्रण (एनपीए) का अनुपात सिर्फ 2.6 फीसदी था, लेकिन मार्च 2026 तक इसके तीन प्रतिशत तक पहुंच जाने का अंदेशा है। बहरहाल, रिजर्व बैंक के एनपीए में माफ कर्जों को शामिल नहीं किया जाता है। गुजरे वर्षों में कॉरपोरेट्स के लिए ऋ्रण माफी में भारी बढ़ोतरी हुई है।इस तरह एनपीए का बहुत बड़ा हिस्सा इस श्रेणी से हट गया है। खुद आरबीआई की रिपोर्ट में ऋण माफी में तीव्र वृद्धि पर चिंता जताई गई है। फिर रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आर्थिक स्थितियां अनुमान से ज्यादा बिगड़ीं, तो एनपीए का अनुपात बढ़ कर 5 से 5.3 प्रतिशत तक जा सकता है। रिजर्व बैंक शिक्षा, मकान जैसे निजी ऋ्रणों को ना चुकाने के मामलों में वृद्धि को लेकर भी चिंतित है। आम लोगों की घरेलू वित्तीय स्थिति के लगातार बिगडऩे के कारण ऐसे कर्जों पर डिफॉल्ट की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। आरटीआई से सामने आई सूचना के मुताबिक गोल्ड लोन पर डिफॉल्ट करने के मामले जून 2024 तक 30 प्रतिशत तक जा चुके थे। इस तरह बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से स्वर्ण गिरवी रख कर लिए गए कर्जों में 6,696 करोड़ रुपये समय पर नहीं चुकाए गए थे।एक साल पहले ऐसे मामलों की संख्या 14 प्रतिशत ही थी। आरटीआई से हासिल सूचना से जाहिर है कि ऋ्रण लेने वाले परिवारों ने जिस भरोसे सोना गिरवी रखा था, वह सही साबित नहीं हुआ। रोजगार के घटते अवसरों एवं अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्तार ने कुल मिलाकर ऋ्रण-ग्रस्तता की स्थिति को संगीन बना दिया है। इसके बीच निजी ऋ्रणों की वापसी की स्थितियां प्रतिकूल होती जा रही हैं। सोने की कीमत में उछाल के कारण भी गोल्ड लोन को चुकाना कठिन हो गया है। तो कुल मिला कर वित्तीय स्थितियां अस्थिर होती हुई दिख रही हैं।

# आखिर प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा का कारण क्या है?



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है। भारत के असंगठित कार्यबल का एक महत्त्वपूर्ण लेकिन कमज़ोर वर्ग, प्रवासी श्रमिक, अक्सर सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से बाहर रह जाते हैं। दशकों से कानूनी ढाँचे और सिफारिशों के बावजूद, सामाजिक सुरक्षा तक उनकी पहुँच अपर्याप्त रही है। अंतरराज्यीय प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 में प्रावधान और असंगठित क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यम आयोग (2007) और असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (2008) द्वारा श्रमिक पंजीकरण के लिए सिफारिशों के बावजूद, ई-श्रम पोर्टल तक प्रवासी श्रमिक आधिकारिक डेटाबेस में काफ़ी हद तक अदृश्य रहे। जबकि ई-श्रम पोर्टल पर 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, उनमें से अधिकांश को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में एकीकृत नहीं किया गया है। मौसमी और परिपत्र प्रवासियों को वंचितता, कलंक, तस्करी और सार्वजनिक सेवाओं तक खराब पहुँच सहित अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी उच्च गतिशीलता सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने को जटिल बनाती है। कई श्रमिकों में डिजिटल साक्षरता या ई-श्रम पंजीकरण और लाभ ट्रैकिंग के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुँच की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। राज्यों में अक्सर कल्याणकारी योजनाओं का असंगत कार्यान्वयन होता है, जिससे समन्वय सम्बंधी समस्याएँ पैदा होती हैं जो लाभों की पोर्टेबिलिटी को कमज़ोर करती हैं।
मौजूदा कल्याणकारी योजनाएँ जैसे कि मनरेगा, पीएम श्रम योगी मानधन और वन नेशन वन राशन कार्ड अक्सर अलग-अलग तरीके से काम करती हैं, जिससे प्रवासी श्रमिकों के लिए निर्बाध पहुँच में बाधाएँ पैदा होती हैं। 2021 में लॉन्च किए गए ई-श्रम पोर्टल का



उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसमें 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें प्रवासियों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात शामिल है। यह कल्याणकारी योजनाओं के लिए श्रमिकों की बेहतर पहचान और लक्ष्यीकरण की सुविधा प्रदान करता है। हालाँकि, यह मुख्य रूप से एक पंजीकरण अभियान है जिसका सामाजिक सुरक्षा में समावेश पर सीमित ध्यान है। 2024 में लॉन्च किया गया विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करके पंजीकरण और सामाजिक सुरक्षा तक पहुँच के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है। इसके लाभों में एकीकृत दृष्टिकोण, लाभों की पोर्टेबिलिटी और पारदर्शी तथा श्रमिक-अनुकूल प्रक्रिया शामिल है। हालाँकि, चिंताओं में मौजूदा योजनाओं का सीमित कवरेज, श्रमिकों में जागरूकता की कमी और अंतर-राज्य समन्वय का कमज़ोर होना शामिल है। ई-श्रम पोर्टल और ओएसएस प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली सामाजिक सुरक्षा चुनौतियों को सम्बोधित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण क़दम है। हालाँकि, उनकी सफलता कार्यान्वयन बाधाओं पर काबू पाने, निर्बाध अंतर-राज्य समन्वय सुनिश्चित करने और श्रमिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर निर्भर करती है। आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है।
अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979, इस विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करने वाला एकमात्र कानून है।
हालाँकि, आवास, स्वास्थ्य देखभाल, न्यूनतम मजदूरी और भेदभावपूर्ण प्रथाओं की रोकथाम के लिए इसके प्रावधान अक्सर अधूरे रह जाते हैं।
प्रवासी श्रमिकों के साथ उनकी मानवता पर विचार किए बिना एक नौकरी मशीन की तरह व्यवहार किया जाता है। सरकारी प्रणालियाँ अक्सर प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों और परिवर्तनों की परवाह नहीं करतीं।
प्रवासी श्रमिकों को न केवल कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती बल्कि उन्हें शहर के प्रतिकूल वातावरण में भी संघर्ष करना पड़ता है। शहर सड़कों और इमारतों जैसे निर्माण के लिए प्रवासी श्रमिकों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इन शहरों में इन प्रवासी श्रमिकों की बुनियादी मानवीय आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त सहायता नहीं होती है। यहां स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय सहायता, रहने के लिए अच्छे स्थान, सुरक्षा उपाय या बच्चों की देखभाल की सुविधाएं नहीं हैं। इससे प्रवासी श्रमिकों को सब कुछ खुद ही संभालना पड़ता है। शहरी क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिकों के बच्चों की दुर्दशा विशेष रूप से चिंताजनक है। शिशुओं को बड़े बच्चों की देखभाल में छोड़ दिया जाता है, जिनके पास स्वयं सार्थक शैक्षिक गतिविधियों तक पहुंच नहीं होती। इससे असुविधा का एक चक्र निर्मित होता है, जहां शिक्षा के अवसरों की कमी उनके माता-पिता द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों से मुक्त होने की उनकी क्षमता में बाधा डालती है।
प्रवासी श्रमिकों के लिए, एक टूटा हुआ अंग अक्सर कामकाजी जीवन के अंत का संकेत देता है। कार्यस्थल पर लगी चोटों के लिए शायद ही कभी पर्याप्त सहायता या चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हो पाती हैं। घायल श्रमिक अपने घर लौटने के लिए बाध्य होते हैं, तथा उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रयास करते हैं, क्योंकि शहरी क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं तक त्वरित और आवश्यक पहुंच बहुत कम उपलब्ध होती है। गांवों से शहरी क्षेत्रों की ओर मौसमी प्रवास की आवश्यकता, प्रवासी श्रमिकों के समक्ष चुनौतियों को और बढ़ा देती है। शहरी आवास की स्थिति अक्सर बहुत खराब होती है, जिससे शहर का मौसम दुख का एक अतिरिक्त स्रोत बन जाता है।
प्रवासी श्रमिकों के लिए काम से परे जीवन की गंभीर वास्तविकताएं तत्काल ध्यान देने और व्यापक समाधान की मांग करती हैं। विचारशील शहरी नियोजन को कार्यस्थलों से आगे बढ़कर प्रवासी श्रमिकों के जीवन के संपूर्ण आयाम को शामिल करना चाहिए, जिससे न केवल रोजगार बल्कि सम्मान, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा भी उपलब्ध हो सके।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# आपका काव्य लेखन आपके लिये आपका आत्म सम्मान



वीना आडवानी तन्वी
नागपुर,महाराष्ट्र

आज मन के भीतर चल से स्वयं के अंतर्द्वंद्व कि आवाज़ को बहुत ही कान लगा कर सुन रही थी। पहले कुछ समझ नहीं आया कि क्यों मेरा मन, भाव, जज़्बात के बीच अंतर्द्वंद्व छिड़ा हुआ है? तब यकायक मुझे दिमाग के चिल्लाने की आवाज़ आई, आवाज़ कुछ कर्कश, क्रोध से भरी हुई थी। आखिर ऐसा क्या हो गया कि मेरा दिमाग़ मन के भावों के विचार सुन इतना आक्रोश में आ गया? तब पुनः खुद के भीतर हो रहे द्वंद पर कान लगाए।
अरे-अरे! वो कहावत सुनी होगी ना कि दीवारों के भी कान होते हैं ठीक उसी मुहावरे पर जैसे में खरी उतर रही थी और कान लगा सुन रही थी सब तब पता चला कि जिस बात पर इतना द्वंद चल रहा है वो बात कोई विशेष नहीं है दुनिया के लिये परंतु वो बात अगर विशेष है तो स्वयं के लिये, स्वयं के आत्म सम्मान के लिये। जानते हैं किस विषय पर मन, भाव, दिमाग, जज़्बात मेरे द्वंद कर रहे थे? उनके बीच द्वंद्व का विषय था कि काव्य लेखन आत्म सम्मान...
काव्य लेखन आत्म सम्मान... अर्थात जो आप लिख रहे हैं वो आपके प्रति क्या है मतलब कि आप सिर्फ खुद कि वाहवाही चाहते हैं लेखन से या आप अपने लेखन से खुद को सुकून दे खुद के आत्म सम्मान चाहते हैं। सच विषय पर यदि गंभीरता से ध्यान दें तो उस अर्थ विस्तार से यही निकलता है कि जो भी लेखक काव्य लेखन करता है उसे अपने काव्य लेखन को पढ़ सुकून मिले और उसे अपने ऊपर गर्व हो खुद को खुशी महसूस हो और उसे ये अनुभव हो कि मैं भी लिख सकती हूँ या लिख सकता हूँ घमंड नहीं परंतु गर्व और खुद के आत्म सम्मान कि अनुभूति हो तो आपका लिखना सफल हो जाता है। सर्वप्रथम स्वयं कि खुशी, उसके बाद पाठकों कि खुशी।
आलौचक तो अनगिनत मिल जाते हैं लेखक को और बहुत से लोग आलौचको के दिये अज्ञान रूनी ज्ञान को इतनी गहराई से हृदय में उतार लेते हैं कि वो ये मान बैठते हैं कि उन्हें अब नहीं लिखना चाहिए या मैं नहीं लिख सकता या नहीं लिख सकती जैसी हीन भावना मन में घर कर जाती है। अरे यदि कोई आलौचक कुछ आलौचना करता है तो अपनी कलम कि प्रखर आवाज़ से जोश भरे शब्दों में काव्य रूप में ही ऐसा जवाब दें कि आलौचक स्वयं अपने अज्ञान रूपी ज्ञान के हथियार को विवश हो आपके चरणों में समर्पित कर दें। आप जब तक स्वयं के लेखन का आंकलन दूसरों के कहने पर कम करेंगे तो दूसरे आपकी इसी कमजोरी का फ़ायदा उठाते हुए उसी आपकी कमजोर कड़ी पर वार दर वार करते ही रहेंगे और साहित्य जगत से आपके पांव को जमने से पहले ही उखाड़ फेंकेगे। अब आप सोचिये की आपका लेखन आपके प्रति क्या है? क्या आपका लेखन शैली, आपकी कलम आपके स्वयं के सुकून के लिये है या दुनिया कि झूठी हमदर्दी, वाहवाही के लिये है। मेरा लेखन मेरी कलम मेरी ताकत मेरा स्वयं का आत्म सम्मान है ये सोच से आगे जो साहित्य जगत में आगे बढ़े हैं वो एक मुकाम को जरूर पा सके हैं और वो पा भी रहे हैं। आज भी याद है वो दिन वो दिनांक वो वर्ष मुझे जब मेरे ही परिवार के सम्मानित वरिष्ठ सदस्य ने जब मुझे कहा था कि लोग बस यहाँ से वहाँ चोरी करके काव्य भेज अपने आप को कवि समझने लगते हैं और साथ ही कथा था अगर तुम लिखती हो तो चलो उठाओ कागज़ कलम और अभी लिख के बताओ कुछ बहुत दुःख हुआ था तब परंतु अपनी कलम को इन अज्ञानी कटु शब्दों से घायल नहीं होने दिया और मैं लिखती चली गई आज मेरी लेखनी किसी के लिये मायने रखते या न रखे, वाहवाही मिले या न मिले मैं सिर्फ खुद के लिये लिखती हूं। खुद के सुकून के लिये और आज भी मेरी लेखनी संग मेरा आत्म सम्मान मेरी नजरों में बरकरार है।

# मां तुझे प्रणाम



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

माँ मानव सृष्टि की जननी,पिता परिवार के संरक्षक,वट-वृक्ष।
बुजुर्ग दंपत्ति परिवार की संपत्ति।
भारत देश के संदर्भ में मां शब्द बड़ा ही वृहद और विराट है। पूरी सृष्टि इसमें समाहित होती है। मां ,धरती, जननी, धरा ,माते इतना पवित्र शब्द है कि संताने उनका ऋ्रण कभी नहीं चुका सकती हैं इसी तरह परिवार में पिता भी एक वट वृक्ष की तरह होता है पिता के रहते हुए पुत्र-पुत्री अपने आप को सुरक्षित एवं सहज महसूस करते हैं एवं उनका बाहरी दुनिया से रक्षा करने वाला एक शक्तिशाली व्यक्ति पिता ही होता है द्य भारत सांस्कृतिक संस्कारी रूप से समृद्ध है तथा मां-बाप संतानों के पास रहते हैं। यूरोप और पश्चिम देश इतने अभागे हैं कि वे अपने माता और पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं या उन्हें छोड़कर स्वयं संताने दूर चली जाती हैं। स्विजरलैंड जैसे खूबसूरत देश में बुजुर्ग दंपत्ति इच्छा मृत्यु लेकर अपना अंतिम समय व्यतीत करते हैं। भारत में भी कुछ प्रतिशत लोग महानगरों में संताने मां और पिता को वृद्ध आश्रम में रखने का उपक्रम करने लगे हैं। पाश्चात्य सभ्यता की यह अंधी नकल बुजुर्ग दंपतियों के लिए बड़ी ही मार्मिक और हृदय विदारक होती है। वृद्ध दंपतियों का अनुभव परिवार के विकास समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विडंबना है मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगन सहनशीलताऔर परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि ईस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।
वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे-धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं। जो व्यक्ति कुछ समय पहले तक महत्वपूर्ण था, विशिष्ट था वह अचानक ही बोझ समझा जाने लगता है। उसके मान सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है। भागदौड़ वाली इस जिंदगी में युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों से एक दूरी बनाना शुरु कर देती है और वह व्यक्ति अकेला ही रह जाता है। जब मनुष्य अपने को एकाकी समझने लगता है तो यह उसके जीवन का सर्वाधिक कठिन समय एवं पल होता है। आत्मविश्वास जनित प्रेरणा की कमी वृद्धावस्था को बोझिल बना देती है। व्यक्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, दूसरों पर निर्भरता बढ़ने लगती है। नई पीढ़ी द्वारा उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। यही परिस्थिति वृद्धा अवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह होती है।
वृद्धावस्था में मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक कष्ट के प्रमुख कारणों में से संयुक्त परिवार का विघटन भी है। युवा पीढ़ी द्वारा अपने मां-बाप से अलग होकर रहने की चाहत हमारे देश में एक गंभीर समस्या पैदा करती है। वृद्ध व्यक्ति या दंपत्ति को जिस आयु में पुत्र, पुत्रियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, ऐसे समय में पुत्र द्वारा उनकी देखभाल छोड़कर अलग रहने के लिए अलग मकान बनाना या किराए पर रहना, उस दंपत्ति या व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रताड़ति भी करती है। भारत देश वही देश है यहां की संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है। औद्योगिकरण और विसंस्कृतिकरण प्रणाली के फल स्वरुप युवा पीढ़ी के रहन-सहन एवं जीवन शैली में तीव्र बदलाव देखा जा रहा है। इस युग में व्यक्ति जितना अपने कार्यों में व्यस्त हो गया है कि उसको परिवार के साथ बैठने, रहने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती। भारत में बदलते परिवेश में ओल्ड एज होम की अवधारणा तेजी से बल पकड़ती जा रही है। नई पीढ़ी तरह पुरानी पीढ़ी के बीच एक तरह कम्युनिकेशन गैप भी आ जाता है, जो बुजुर्गों के लिए एक बड़ी समस्या होती है। बुजुर्ग दंपत्ति हो या व्यक्ति के पास जब तक धन रहता है तब तक उनके पुत्र, पुत्री उनका ख्याल रखते हैं और जब वह धनहीन हो जाते हैं, तो उन्हें नकार दिया जाता है ।यह एक बड़ी समस्या आज बुजुर्गों के सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी है। व्यक्ति को बुजुर्ग अवस्था में जब सबसे ज्यादा धन की आवश्यकता होती है तब उसके पास धन नहीं होता है। यह धन की कमी उपेक्षा का बड़ा कारण भी बनती है। युवा पीढ़ी का व्यक्तिगत स्वार्थ एवं धन के प्रति आकर्षण भी बुजुर्गों के प्रति प्रभाव तथा उपेक्षा का मूल कारण होता है। व्यक्ति का जब सर्वश्रेष्ठ काल होता है तब उपेक्षित और समस्या ग्रस्त होकर अवसाद ग्रस्त हो जाता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग वृद्धावस्था के बारे में लिखा है मेरे साथ रहो, रुको वृद्ध हो,अभी जीवन का सर्वोत्तम शेष है।वृद्ध व्यक्ति भी मानव है, उसे भी संवेदना, सहानुभूति और प्यार की आवश्यकता होती है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें उनकी लगातार सेवा करनी चाहिए, उनके मार्गदर्शन उनका परामर्श परिवार तथा समाज के लिए जल कल्याणकारी होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनका आशीर्वाद उनकी शुभकामनाएं लोक मंगलकारी होती हैं यह माना जाता है कि बुजुर्ग का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद जैसा ही होता है।

# कविता महाकुंभ

घटती-घटना



विक्रम कुमार
मनोरा,वैशाली
बिहार

सनातन का मान और प्रचार महाकुंभ है
देवर्षियों का तप है और विचार महाकुंभ है
जमावड़ा संतों का होता है बड़े उल्लास से
संसार के संतों का तो संसार महाकुंभ है
ऋ्षियों व मुनियों का दिया ज्ञान महाकुंभ है
परंपराओं का सही बखान महाकुंभ है
डुबकी लगाने आते यहां लोग पूरे विश्व से
है देवलोक सा,बड़ा महान महाकुंभ है
दोषों-दुर्गुणों का भी निदान महाकुंभ है
अलग ही एक दुनिया और जहान महाकुंभ है
अद्वितीय है चीज ये केवल है अपने हिंद में
अनुदान है भगवान का वरदान महाकुंभ है
अवसर बड़ा पुनीत और पवित्र महाकुंभ है
संस्कृतियों का जीवंत चित्र महाकुंभ है
इसकी धरा पर सदा सत्कर्म का ही वास है
शत्रु पाप का पुण्य का मित्र महाकुंभ है
हिंद का तो हर्ष और उल्लास महाकुंभ है
देवों और सुरों का ही निवास महाकुंभ है
महिमा निराली है इसकी रूप भी निराला है
विशेष है कई मायनों में खास महाकुंभ है

# नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा

स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है। मनुष्यों को स्वस्थ रहने के लिए उपचार की आवश्यकता भी होती है, लेकिन जब उपचार नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं पर आधारित हो तो इंसानों का स्वास्थ्य पूरी तरह से प्रभावित होता है।नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा केवल पीड़ित लोगों के जीवन खतरे में नहीं होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली और चिकित्सा उद्योग की विसनीयता भी प्रभावित होती है।भारत में इन दिनों नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। भारत का कोई ऐसा राज्य नहीं है जो नकली दवाओं से प्रभावित न हो। हाल में कोलकाता में कैंसर और मधुमेह जैसे गंभीर बीमारी में उपयोगी होने वाली नकली दवाओं को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय के साझा सहयोग से पकड़ा गया है जिसकी कीमत 6.60 करोड़ बताई गई है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में कुल बिकने वाली दवाओं में बीस प्रतिशत नकली और गुणवत्ताहीन दवा शामिल हैं।भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल दवा का बाजार लगभग दो लाख करोड़ का है जिसमें नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की भागीदारी 15से 20 प्रतिशत के करीब है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्य शामिल है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने केवल 2023 में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के लगभग 50 हजार मामले दर्ज किए थे। उद्योग संगठन एसोचैम की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत के दवा बाजार में कुल उपलब्ध एक एक-चौथाई दवा नकली और गुणवत्ताहीन है।फेक एंड काउंटरफीट ड्रग्स इन इंडिया-बूमिंग बिज' नामक अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में नकली दवाओं का कारोबार 33 प्रतिशत की वृद्धि दर से प्रति वर्ष बढ़ रहा है। नकली दवाओं का बाजार बढऩे के कई कारण हैं, जिसमें दवा की ऑनलाइन बिक्री, गुणवत्तापूर्ण दवा की अपेक्षा नकली दवा का सस्ती कीमत, दवाओं के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी, डॉक्टर द्वारा मरीजों के पच्रे पर





लिखे गए दवा के नाम के साथ प्रमाणित दवा कंपनियों का नाम न लिखना, बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं का उपलब्ध न होना, नकली और गुणवत्ताहीन दवा की पहचान करने की तकनीकी का न होना, ठोस कानून का आभाव के कारण नकली दवा का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवा की बिक्री शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक होती है।भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा चिंता का विषय है। भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्माता और निर्यातक है। एशियन लाइट की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक फार्मा बाजार में भारत की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। भारत में बढ़ते नकली दवा से केवल न इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है बल्कि इससे भारत की वैश्विक स्तर पर दवा उद्योग में छवि भी धूमिल होती है। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के प्रचलन से चिकित्सा पेशे और स्वास्थ्य प्रणाली से जनता काविश्वास भी घटता है।नकली दवा के रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों में परिवर्तन करते हुए नकली दवाओं के उत्पादन और बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के लिए बहुत सख्त और दंड के साथ आर्थिक जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य स्तर पर दवा नियामक संस्थानों को दवाओं के प्रति साप्ताहिक प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सभी दवा कमानियों को सभी प्रकार के दवा उत्पाद पर ट्रैक और ट्रेस तकनीक का उपयोग के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया जाना चाहिए ताकि मरीज नकली और असली दवाओं की पहचान आसानी से कर सकें। दवा की प्रामाणिकता जांचने के लिए मोबाइल एप और ऑनलाइन डेटाबेस की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर समस्या का समाधान तलाश करना होगा। भारत को नकली दवाओं को रोकने के लिए बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना होगा। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता और महंगी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण लोगों को सस्ती और नकली दवाओं पर बाध्य होना पड़ता है। भारत को नाइजीरिया और अमेरिका की तकनीकी मेडिसेफर एवं ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम की पहल करना चाहिए। यह तकनीकी नकली आपूर्ति श्रृंखला नजर रखती है। सख्त कार्रवाई से ही स्वस्थ भारत और सशक्त भारत का निर्माण होगा।

**-अजय प्रताप तिवारी-**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

C M Y K

# क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाते 4 सटोरिए गिरफ्तार

» 1.54 लाख नकद समेत 20 लाख के सामान जब्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सटोरिया सुधीर गुप्ता के ठिकाने पर दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने 15 बैंकों के बैंक एकाउंट के पासबुक, एटीएम, चेकबुक बरामद किया है। सिर्फ एक बैंक से 15 करोड़ रुपये से अधिक का ट्रांजेक्शन होना पाया गया है। एसपी योगेश पटेल ने कहा कि मामला महादेव सट्टा एप से जुड़ा हो सकता है। मुख्य आरोपी फरार है। सट्टे की रकम एक अरब रूपये तक होने की आशंका है।






कोतवाली पुलिस को सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि शहर के जय स्तंभ चौक निवासी सरगुजा साइकिल स्टोर के सामने वाली गली में रहने वाले सुधीर गुप्ता द्वारा क्रिकेट मैच में रुपयों-पैसों का दांव लगाकर ऑनलाइन सट्टा खिलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस व साइबर सेल की टीम ने एसपी योगेश पटेल के निर्देश पर रात में सुधीर गुप्ता के घर पर दबिश दी। इस दौरान 3 युवक बिलासपुर चौक निवासी राहुल अग्रवाल उर्फ विक्की पिता प्रयागराज 27 वर्ष, महामाया रोड निवासी श्रीकांत अग्रवाल पिता स्व. बाबूलाल 46 वर्ष व चांदनी चौक मायापुर के शास्त्रीनगर निवासी राहुल कुमार सोनी पिता शंकर प्रसाद सोनी 23 वर्ष टीवी पर क्रिकेट लीग मैच देखते मिले। उनके पास ही टेबल पर एटीएम कार्ड, पास बुक,चेक बुक,क्यूआर स्टैण्ड, मोबाइल, रजिस्टर, रुपए व अन्य सामान रखे हुए थे। इसके बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरु की। इस पर तीनों ने लाखों रुपए का दांव लगवाकर क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने की बात स्वीकार की। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने बताया कि मुख्य सटोरिए सुधीर गुप्ता द्वारा राहुल अग्रवाल उर्फ विक्की के व्हाट्सएप नंबर में एक ग्रुप बनाया गया है। इसमें ही विन बज पोर्टल के माध्यम से ग्रुप के सदस्यों को ऑनलाइन सट्टा खेलाने की बात कही। उन्होंने बताया कि सट्टा खेलने वाले एवं अन्य लोगों से आधार कार्ड व पेन कार्ड की छायाप्रति के माध्यम से उनके नाम पर विभिन्न बैंकों में खाता खोलवाकर एटीएम कार्ड, पास बुक, चेक बुक लिया गया है। वहीं मोबाइल में सिम डालकर फोन पे, गुगल पे, पेटीएम के माध्यम से रुपयों का लेन-देन करते हैं। तीनों आरोपियों ने बताया कि वे अर्जुन गुप्ता के साथ मिलकर दूसरे व्यक्तियों के नाम का आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, पास बुक तीनों की फोटोकॉपी से बिना धारक के उपस्थिति में क्यूआर कोड स्कैनर जनरेट कराने की बात स्वीकार की। इस पर पुलिस ने उनकी निशानदेही पर शहर के शिकारी रोड नाला के पास रहने वाले निवासी अर्जुन गुप्ता पिता श्याम सुंदर गुप्ता 20 वर्ष को हिरासत में लिया। पूछताछ में अर्जुन गुप्ता ने सट्टा खेलने व खेलवानी में सहयोग करने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 234 नग एटीएम कार्ड, विभिन्न कम्पनी का सिम 77 नग, विभिन्न बैंको के चेकबुक 78 नग, मोबाइल 73 नग, विभिन्न बैंको का पासबुक 81 नग, विभिन्न यूपीआई का बार कोड स्कैनर 8 नग, अलग-अलग व्यक्तियों का मूल आधार कार्ड 13 नग, पेन कार्ड की छायाप्रति 4 नग, आधार कार्ड की छायाप्रति 4 नग, विभिन्न बैंकों में जमा किये रकम की जमा पावती 7 नग, न्यायालय का सुपूर्दनामा आदेश की छायाप्रति 1 प्रति, निकासी पर्ची भरा फार्म 1 प्रति, आनलाइन सट्टा-पट्टी 22 नग, एलईडी टीव्ही, वायर, जियो कम्पनी का वाई-फाई, सेटअप बाक्स 1 सेट व 1 लाख 54 हजार 100 रुपए, कुल 20 लाख रुपए बरामद किया गया है। पुलिस ने चारों आरोपियों राहुल अग्रवाल उर्फ विक्की, श्रीकांत अग्रवाल, राहुल कुमार सोनी व अर्जुन गुप्ता को छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7, 8 एवं 336(3), 338, 61(2) बीएनएस का अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को चारों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में फरार मुख्य आरोपी सुधीर गुप्ता की पुलिस खोजबीन में जुटी है।

कार्रवाई में कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, साइबर सेल प्रभारी एसआई सीपी तिवारी, सम्पत पोटाई, रम्भा साहू, एएसआई अजीत मिश्रा, अभिषेक दुबे, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, रजनीकांत मिश्रा, महिला आरक्षक किरण अमरावती, आरक्षक शिव राजवाड़े, मंटूलाल गुप्ता, नितिन सिन्हा, अलोक गुप्ता, प्रवीण खलखो, दीपक दास, राहुल सिंह, संजीव चौबे, अशोक यादव, बीरेंद्र पैकरा, आनंद गुप्ता, विकास मिश्रा, विवेक राय व मनीष सिंह शामिल रहे।

### दूसरों के नाम पर बैंक खाते

पुलिस ने सटोरियों के कब्जे से जब्त आधार कार्ड, पैन कार्ड, चेक बुक व मोबाइल धारकों से भी पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने बताया कि वे न तो बैंक गए, न ही खाता खुलवाया और न हीं फॉर्म पर हस्ताक्षर किया है। उन्होंने ये भी बताया कि उनके नाम पर किसने खाता खुलवाया और कौन उपयोग कर रहा है, यह भी पता नहीं है। ऐसे में यह बात सामने आई कि सटोरियों व सहयोगियों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर खाता खुलवाया गया है। वहीं खाते से मोबाइल लिंक कराकर उसे अपने पास रखा गया है। इन मोबाइल व सिम का उपयोग वे बैंकों में रुपए का ट्रांजेक्शन करने में करते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा फर्जी बैंक खाता खुलवाकर उसका उपयोग लेन-देन में किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद बैंक खातों के संचालन पर रोक लगाने, ट्राजेक्शन डिटेल, केवाईसी फार्म प्रदाय करने, बैंक खातों की एटीएम कार्ड के संचालन पर रोक लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

# सच्ची श्रद्धा हो तो भगवान करते हैं हर कष्ट दूर:दुबे

» आठ दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

ओंकारेश्वर मंदिर राजेंद्र नगर में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को समापन हुआ। जिसमे तुलसी वर्षा व पुष्प होली के साथ व्यास जी की विदाई दी गई। यज्ञ हवन और पुर्नाहुती के पश्चात महाप्रसाद भंडारे का वितरण किया गया। भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा व्यास पीठ पर विराजे पंडित ललित नरेंद्र धर दुबे ने भागवत महापुराण में वर्णित कृष्ण-सुदामा मित्रता के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता में ना धन का महत्व होता है और ना ही मित्र की आर्थिक स्थिति का महत्व होता है, भगवान अपने भक्तों की सच्ची भावना को पहचान कर उनकी हर परेशानी दूर करते हैं।



श्री ओंकारेश्वर मंदिर सेवा समिति द्वारा मंदिर परिसर में पिछले 8 दिनों से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था। समापन अवसर पर कथा व्यास पंडित ललित दुबे ने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा सुदामा भगवान कृष्ण के बाल सखा थे। लेकिन अत्यंत गरीब और निर्धन परिवार से थे। वह पत्नी के बहुत कहने पर द्वारकाधीश से मिलने द्वारिका पहुंचे। मित्रता में संकोच और झिझक के कारण कृष्ण को अपना हाल नहीं बता सके। उधर सुदामा को देख श्री कृष्णा भावुक हो गए, उन्होने प्रेम व आदर से सुदामा का सत्कार किया। सुदामा ने द्वारकाधीश को अंजुरी में रखे चावल भेंट किया। मित्र का उपहार कृष्ण ने स्वीकार किया। सुदामा ने कृष्ण को अपनी कठिनाई नहीं बताई फिर भी वह उनकी स्थिति समझ गए। जब सुदामा वापस लौटे तो उन्होंने देखा उनकी झोपड़ी महल में बदल गई थी और परिवार सुखी था। भगवान ने बिना कहे ही उनकी सारी कठिनाइयां दूर कर दी। कथा के पश्चात व्यास जी की विदाई की गई। भागवत कथा के दौरान कृष्ण विवाह की मनोरम झांकी भी निकाली गई। इस पूरे आयोजन में शिवजी पांडेय, एमके नाम देव, रमेश केडिया, राजेंद्र प्रसाद गौतम, प्रभाकर त्रिपाठी, सौरभ बाजपेई, सर्वजीत पाठक, श्री श्रीवास्तव, शिव गुप्ता, अंकित सिंह, तारा नामदेव, भगवती नामदेव, रानी श्रीवास्तव, संगीता सिंह, माधवी बाजपेई ,लक्ष्मी मिश्रा ,अर्चना पाठक रजनी तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# जान बुझकर पिकअप चढ़ाने से हुई है आलम साय की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

1 जनवारी को लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के करगीडीह स्थित डेम के पास पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में परिजन व गांव वालों ने पिकअप सवार लोगों पर जान बुझकर वाहन चढ़ाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को गांव वालों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामल की जांच दुर्घटना के रूप में नहीं हत्या के रूप में करने की मांग की है। क्यों कि घटना से कुछ देर पूर्व पिकअप सवारों से मृतक व उसके साथियों से विवाद व मारपीट हुई थी। इस लिए गुस्से में आकर पिकअप सवार ने पिकअप को अत्यंत तीव्र गति से चलाते हुए टक्कर मार दी थी। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लुण्ड्रा पुलिस मामले की निष्पक्ष रूप से जांच नहीं कर रही है।



जानकारी के अनुसार 1 जनवारी की शाम को ग्राम बहेराडीह थाना लुण्ड्रा निवासी परवान खान, मुजाहिर खान, अकरम खान सहित कुल 7 लोग पिकनिक मनाकर पिकअप से लौट रहे थे। डेम के पास ग्राम करगीडीह निवासी अभिमन्यु, फुलेश्वर, सुरेश, धीरेन्द्र व अन्य लोगों से इनका विवाद हो गया। पिकअप सवार लोगों ने अभिमन्यु व उनके साथियों के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान अभिमन्यु ने अपने गांव के आलम साय व अन्य युवकों को मोबाइल से घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर आलम साय व अन्य मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर वापस जा रहा था। तभी पिकअप सवार परवान खान सहित अन्य लोगों ने अति तिव्र गति से वाहन चलाते हुए आलम साय को टक्कर मार दिया। इससे उसकी इलाज के दौरान मिशन अस्पताल में मौत हो गई। मर्ग डायरी पर लुण्ड्रा पुलिस ने दुर्घटना का मामला जांच कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। वहीं मृतक के परिजन व उसके साथी अभिमन्यु व अन्य लोगों का कहना है कि घटना के बाद गुस्से में आकर पिकअप जान बुझकर चढ़ाया गया है। वहीं लुड्रा पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कर रही है। ग्रामीणों ने मंगलवार को भाजपा नेताओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को मिला अनुकंपा नियुक्ति का आदेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटलनगर के आदेशानुसार 31 दिसंबर 2024 में दिये गये 05 भृत्य पद की स्वीकृति के अनुसार निकाय में कार्यरत कर्मचारियों का सेवाकाल के दौरान आकस्मिक निधन हो जाने पर उनके आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई।



कलेक्टर श्री विलास भोसकर द्वारा मंगलवार को अंबिकापुर नालापारा की कुमारी निक्की नीतू मिंज, गांधी नगर सोनी मोहल्ला के श्री अभिषेक द्विवेदी, लक्ष्मीपुर बंजारी के श्री विकास राय, जनपदपारा के श्री बुदेश्वर एवं भठ्ठा पारा के श्री नितेश को तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। इन्हें नगर पालिक निगम अम्बिकापुर में भृत्य के पद पर पदस्थ किया गया है।अनुकम्पा नियुक्ति मिलने पर सभी ने शासन और प्रशासन के प्रति आभार जताया।


नगर निगम आयुक्त श्री डीएन कश्यप ने बताया कि नियुक्ति आदेश छ.ग. शासन नगर पालिक निगम (अधिकारियों तथा सेवकों की नियुक्ति तथा सेवा शर्तें) नियम 2018 के अध्याधीन रहेंगी। नियुक्ति आदेश जारी होने के 15 दिवस के भीतर पदभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा अन्यथा यह आदेश स्वमेय निरस्त माना जावेगा। 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ही नियमित किये जाने की कार्यवाही की जावेगी। अन्यथा की स्थिति में कारण बताये बिना सेवा समाप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। सेवा अन्य शर्तें संबंधित नियम तथा समय-समय पर लागू छ.ग. शासन के आदेशों के अनुसार नियंत्रित होंगे।

## नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव पर भाजपा की कार्यशाला 15 को

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2025(घटती-घटना)।



नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे के मुख्य आतिथ्य में 15 जनवरी को कार्यशाला का आयोजन किया गया है। दोपहर 2 बजे से संकल्प भवन जिला भाजपा कार्यालय में प्रारंभ होने वाले नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव कार्यशाला में भाजपा के अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।अपेक्षित श्रेणी के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य / भाजपा/मोर्चा/ प्रकोष्ठ, प्रदेश पदाधिकारी / सदस्य / भाजपा मोर्चा एवं प्रकोष्ठ, भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिला पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सह संयोजक, मंडल के अध्यक्ष / महामंत्री / मंडल मोर्चा एवं प्रकोष्ठ, भाजपा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष (भाजपा), जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, वर्तमान विधायक एवं सांसद, पूर्व विधायक एवं सांसद, भाजपा जिला कार्यसमिति, नगर निगम के भाजपा पार्षद व हारे प्रत्याशी, नगर निगम / नगर पंचायत के अध्यक्ष / उपाध्यक्ष (भाजपा) कार्यशाला में शामिल होंगे।



## इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

शहर के बंगाली चौक के पास इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई।

वाहन मालिक घर से अपनी इलेक्टिक स्कूटी से बाजार जाने निकले थे। जैसे ही चाबी लगाए स्कूटी से आवाज आने लगी। वाहन मालिक कुछ समझ पाते गाड़ी से दूर हट गए, तभी स्कूटी में आग लग गई। देखते ही देखते आग भीषण रूप ले लिया और स्कूटी का पिछला हिस्सा जलकर खाक हो गया। इससे पूर्व में कई स्कूटी में आग लगने की घटना आ चुकी है।

# मकर संकांति पर पतंगबाजी में बच्चों और युवाओं में उत्साह







- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

मकर संकांति के अवसर पर विलुप्त होती परंपरा पतंगबाजी में बच्चों और युवाओं का गजब का उत्साह देखा गया। सोमवार को सरगुजा सेवा समिति द्वारा पतंग उत्सव का आयोजन शहर के गांधी स्टेडियम में किया गया था। इस आयोजन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

पतंग उत्सव को लेकर सुबह से ही गांधी स्टेडियम में पतंग लेकर लोग पहुंचने लगे थे। पतंग काटो प्रतियोगिता और फैंसी पतंग प्रतियोगिता में लोगों का उत्साह बढ़ चढ़कर दिखा। पूरे प्रतियोगिता के दौरान लोगों की आंखें आसमान पर टिकी रही। रंग-बिरंगी और कई आकार की पतंग लेकर लोग इस प्रतियोगिता में पहुंचे थे। पूरे दिन एक दूसरे की पतंग काटने का सिलसिला पतंगबाजों के बीच देखा गया। आयोजन के दौरान सरगुजा सेवा समिति की अध्यक्ष रजनी रविशंकर त्रिपाठी, महासचिव संजय अग्रवाल महेंद्र अग्रवाल, राजेश कश्यप, आकाश गुप्ता, राजीव विश्वकर्मा, मंजूषा भगत अरुणा सिंह मधु चौदाह श्वेता गुप्ता इंद्र भगत ,किशोर कुमार शर्मा, मधु शर्मा, राहुल त्रिपाठी, वीर सोनी, नीलम राजवाड़े, प्रियंका चौबे, आशा शुक्ला, कुसुम सिंह, सुषमा जायसवाल, अर्चना सिंह, पूनम सिंह, नेहा सोनवानी, रेनू भारती, वीणा गुप्ता, महेंद्र विश्वकर्मा, शुभम अग्रवाल,अमन गुप्ता, आभाष राज, उपेंद्र सिंह पैकरा, अमन अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, शुभम अग्रवाल।

### इंडोनेशिया की पतंग बड़ी आकर्षण का केंद्र

इस पतंग उत्सव में इंडोनेशिया व दुबाई की उडने वाली पतंग आकर्षण का केंद्र रही। शहर के मुकेश अग्रवाल फैंसी पतंग प्रतियोगिता में इंडोनेशिया में बनी बाज रूपी पतंग सहित कई फैंसी पतंग लेकर पहुचे, जहां लोग इंडोनेशिया की इस फैंसी पतंग को देखकर अपने आप को नहीं रोक सके और फैंसी पतंगों के साथ सेल्फी खिंचवाने लगे। इंडोनेशिया की पतंग को सरगुजा के जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में खाशा पसंद किया गया। वही इस बार पतंग प्रतियोगिता में 100 से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराकर इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। जीतने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### विजेता प्रतिभगियों को मिला पुरस्कार

फैंसी पतंग प्रतियोगिता में प्रथम आकाश गुप्ता द्वितीय पूर्वी अग्रवाल तृतीय अजय सोनी रहे। जिन्हें अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि प्रदान किया गया। पतंग काटो प्रतियोगिता के विजेता रिजवान कुरेंशी प्रथम, द्वितीय सौरभ रजक एवं तृतीय ओम पांडेय रहे। जिन्हें समिति के अध्यक्ष रजनी रवि शंकर त्रिपाठी द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।



# सिर्फ पीएम मोदी ही ये दोनों काम कर सकते हैं, दुनिया का हर देश भारत से क्यों करना चाहता है दोस्ती ? जयशंकर ने दिया जवाब

» हम क्वाड का भी हिस्सा हैं और ब्रिक्स का भीः एस जयशंकर

» भारत के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता हैं सभी देशः विदेश मंत्री

**मैड्रिड, 14 जनवरी 2025।** अपनी दो दिवसीय स्पेन यात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को यहां भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विश्व में भारत की वर्तमान स्थिति पर जोर दिया और कहा कि कठिन समय में भारत हर देश की मदद करने को तत्पर है।

दुनिया के मौजूदा हालात को देखते हुए सभी देशों को लगता है कि भारत के साथ अच्छे संबंध रखना उनके हित में है। जयशंकर ने भारत के बढ़ते वैश्विक कद और चुनौतीपूर्ण समय में सार्थक सहायता प्रदान करने की उसकी क्षमता को रेखांकित किया।





### भारत-स्पेन संबंध पर क्या बोले जयशंकर ?

उन्होंने कहा कि भारत-स्पेन संबंध महत्वपूर्ण प्रगति के शिखर पर हैं। स्पेन के राजनयिक समुदाय के साथ अपने जुड़ाव के बारे में उन्होंने बताया कि स्पेन के विदेश मंत्री ने उन्हें एक वैश्विक सम्मेलन में देश के राजदूतों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया था। भारत के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, जब किसी दूसरे देश का विदेश मंत्रालय और राजदूत आपको अपने पास आने और उनसे बात करने के लिए कहते हैं, तो यह सोचना उचित है कि ऐसा क्यों किया जा रहा है।


### भारत के साथ हर देश दोस्ती करना चाहता है

विदेश मंत्री ने कहा कि आज दुनिया की स्थिति को देखते हुए सभी देशों को लगता है कि भारत के साथ अच्छे संबंध रखना उनके हित में है। जयशंकर ने भारत को नया भारत बताया, जिसे वैश्विक स्तर पर अपनी आर्थिक ताकत और नेतृत्व के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बहुत कम देश हैं जो रूस और यूक्रेन एवं इजरायल और ईरान से बात करने की स्थिति में हैं। हम क्वाड का भी हिस्सा हैं और ब्रिक्स का भी। पीएम मोदी दोनों ही काम करने में सक्षम हैं।

जयशंकर ने अफ्रीका को जी-20 में शामिल करने की वकालत करने में भारत के प्रयासों का उल्लेख किया और कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की भूमिका का जिक्र किया।

# सोने की खदान में फंस गए मजदूर, कम से कम 100 लोगों की मौत

**दक्षिण अफ्रीका, 14 जनवरी 2025।** दक्षिण अफ्रीका से हादसे की हैरान कर देने वाली घटना निकलकर सामने आ रही है। यहां एक समूह ने जानकारी दी है कि दक्षिण अफ्रीकी खदान में फंसने से कम से कम 100 अवैध खनिकों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, ये सभी मजदूर दक्षिण अफ्रीका में एक सोने की खदान में अवैध रूप से खनन कर रहे थे। अब खबर आई है कि इनमें से कम से कम 100 मजदूरों की मौत हो गई है।



### क्या है पूरा मामला ?

खान में फंसे मजदूरों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक समूह ने सोमवार को बताया है कि ये मजदूर महीनों तक भूमिगत खान में फंसे हुए थे। लंबे समय तक खान में फंसे रहने के बाद इनकी मौत हो गई है। पुलिस ने बड़ी संख्या में खान में फंसे हुए मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन वे इसमें कामयाब न हो सके।

### दर्जनों शव दिखाई दिए

एपी के मुताबिक, माइनिंग अफेक्टेड कम्युनिटीज यूनाइटेड इन एक्शन ग्रुप के प्रवक्ता सबेलो म्नुनी ने बताया है कि कुछ बचाए गए खनिकों के साथ शुक्रवार को सतह पर भेजे गए एक मोबाइल फोन में दो वीडियो थे। इस वीडियो में जमीन के नीचे खान में प्लास्टिक में लिपटे दर्जनों शव दिखाई दे रहे थे।

# सऊदी अरब के वीजा नियमों में बड़ा बदलाव, भारतीय कामगारों की मुश्किलें बढ़ी

**रियाद, 14 जनवरी 2025।** सऊदी अरब के वीजा नियमों में बड़ा बदलाव किया है जिससे भारतीय कामगारों की मुश्किलें बढ़ेंगी । सऊदी अरब ने 14 जनवरी से लागू होने वाले नए वीजा नियमों के तहत विदेशी कामगारों के लिए शैक्षणिक और पेशेवर योग्यताओं का सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। यह कदम सऊदी अरब के विजन 2030 परियोजना का हिस्सा है, जिसके तहत क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान देश में नागरिकों को अधिक रोजगार अवसर देने की दिशा में काम कर रहे हैं। इन नए नियमों के लागू होने से भारतीय कामगारों पर सीधा असर पड़ेगा, क्योंकि अब उन्हें अपनी शैक्षिक योग्यता और पेशेवर प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराना होगा। सऊदी अरब के अधिकारियों के अनुसार,इस पहल का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और कार्यबल की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके साथ ही, कंपनी मालिकों और एचआर विभागों को भी प्रवासी कर्मचारियों के दस्तावेजों को सत्यापित करने के लिए कहा गया है। सऊदी अरब में भारतीयों का दूसरा सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है, बांग्लादेश के बाद। पिछले साल के आंकड़ों के अनुसार, वहां 24 लाख से ज्यादा भारतीय प्रवासी काम कर रहे हैं, जिनमें से 16.4 लाख निजी क्षेत्र और 7.85 लाख घरेलू कामों में लगे हुए हैं।

# पहले सिक्का उछालकर तय किया कि मारना है या नहीं, मर्डर के बाद लड़की के शव के साथ किया दुष्कर्म

» सिक्का उछाल कर किया तय कि करनी है हत्या

» महिला को मारने के बाद उसके शव के साथ किया दुष्कर्म

» पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 14 जनवरी 2025।** पोलैंड से एक भयावह घटना सामने आई है जिसे सुन कर हर कोई हैरान है। पोलिश व्यक्ति ने एक लड़की को मारने के लिए सिक्का उछाला, फिर उसके शव के साथ रेप किया।

स्थानीय वेबसाइट एस्का की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने जो खुलासा किया वह और भी हैरान कर देने वाला था। उस व्यक्ति ने खुलासा किया कि लड़की उसे रास्ते में मिली थी, जिसे घर में बुलाकर ले आया, जहां उसे मारकर उसके शव के साथ सेक्स किया।

पोलैंड की स्थानीय वेबसाइट एस्का की रिपोर्ट के अनुसार, 18 साल की लड़की का नाम विक्टोरिया कोजील्स्का है। जो एक दिन पोलिश शहर कैटोविस में एक पार्टी से घर लौट रही थी, जब उसके पास माटेउज हेपा आया, जिसने अभी-





अभी एक कार रिपेयर शॉप में अपनी शिफ्ट पूरी की थी।

डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, हेपा विक्टोरिया को बहला फुसलाकर अपने अपार्टमेंट में ले गया, जहां वह सो गई। बाद में, उसने उसे बेरहमी से पीटा और रस्सी से गला घोंटकर मार डाला, उसके बाद उसके शव को प्लास्टिक में लपेटा और पुलिस से संपर्क किया, जैसा कि उसके मुकदमे के दौरान पता चला।

बेस्टसेलिंग किताब द डाइस मैन की कहानी को दोहराते हुए 20 वर्षीय हत्यारे ने कहा, मैंने एक सिक्का उछाला, जो हेड की तरफ गिरा, इसलिए मैंने उसे मार डाला। अगर वह टेल की तरफ से गिरता तो शायद वह अभी भी जीवित होती। कोजील्स्का का शव मिलने के कुछ ही घंटों बाद उस व्यक्ति को पकड़ लिया गया। उसने पुलिस से कहा, मुझे हत्या करने की जरूरत महसूस हुई। मैंने उसे जगाने की कोशिश की थी लेकिन वह...आरोपी हेपा पिछले सप्ताह ग्लिविस की अदालत में कार मरम्मत की दुकान में काम करने वाले कर्मचारी ने बताया कि अगस्त 2023 की हत्या से पहले वह किसी की हत्या करने की योजना बना रहा था और उसने शिकार की तलाश में शहर में घूमकर समय बिताया था। कोजील्स्का के दुखी माता-पिता की बात सुनते हुए, उसने बताया मैंने उसे घर जाने या मेरे साथ आने का विकल्प दिया। उसने मेरे साथ आने का फैसला किया। हम बैठे, बिना किसी बात के बात की, फिर वह सो गई। मैं कमरे में इधर-उधर घूमता रहा, उसे जगाने की कोशिश करता रहा, लेकिन मैं नहीं जगा सका।

# पाकिस्तान में खीर बेच रहे ट्रंप...सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की सच्चाई जानकार हर कोई हैरान

» पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में खीर बेच रहे शख्स का वीडियो वायरल

» 53 वर्षीय बग्गा ऐल्बिनिज्म बीमारी से पीड़ित हैं...

**नई दिल्ली, 14 जनवरी 2025।** अमेरिकी के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। ट्रंप और पीएम मोदी की दोस्ती जगजाहिर है, जिसकी वजह से पाकिस्तान की टेंशन बढ़ चुकी है।

इसी बीच पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक खीर बेचने वाला शख्स काफी चर्चा में है। दरअसल, यह शख्स हुबहु ट्रंप की तरह दिखता है। सोशल मीडिया पर इस शख्स की वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

### ऐल्बिनिज्म से पीड़ित हैं बग्गा

दरअसल, 53 वर्षीय बग्गा शहर में खीर बेचते हैं। वो ऐल्बिनिज्म से पीड़ित हैं। दरअसल, ऐल्बिनिज्म एक वंशानुगत विकार है जिसकी वजह से त्वचा, बाल, और आंखें बहुत सुनहरें रंग की हो जाती हैं।



वीडियो में देखा जा सकता है कि सलवार कमीज के ऊपर एक काली जैकेट पहन रखी है। शहर के लोग उनके साथ सेल्फी ले रहे हैं।

खीर खाने पहुंचे अशरफ नाम के शख्स ने कहा, नकी खीर सचमुच बहुत स्वादिष्ट है... हम उनसे बात करते हैं और उनके साथ सेल्फी लेते हैं और अपने दोस्तों को बताते हैं कि हमने ये तस्वीरें ट्रंप के साथ ली हैं।

### बग्गा ने क्या कहा ?

वहीं,बग्गा को भी अहसास है कि



उनका चेहरा ट्रंप से मिलता-जुलता है, इसलिए लोग उनके साथ सेल्फी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा चेहरा डोनाल्ड ट्रंप से मिलता जुलता है, इसलिए लोग मेरे साथ सेल्फी लेते हैं..मुझे बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने वीडियो के जरिए डोनाल्ड ट्रंप से पाकिस्तान आने का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप साहब, आप चुनाव जीत गए हैं, अब यहां आइए और मेरी खीर खाइए, आपको बहुत मजा आएगा।

इससे पहले बग्गा कुल्फी बेचते थे। उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं।

# कर्ज में डूबा श्रीलंका फिर बढ़ा रहा चीन से दोस्ती, राष्ट्रपति दिसानायक 4 दिवसीय दौरे पर पहुंचे बीजिंग

**कोलंबो, 14 जनवरी 2025।** पहले से कर्ज में फंसा श्रीलंका फिर से चीन के साथ दोस्ती बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायक चार दिवसीय दौरे पर मंगलवार को चीन पहुंचे। इस दौरान वह अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग और अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने पर बातचीत करेंगे। कोलंबो में राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दिसानायक के आगमन पर चीनी सेना द्वारा उनका औपचारिक स्वागत किया गया। चीन के उप विदेश मंत्री चेन शियाओदोंग ने उनकी अगवानी की। पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद से दिसानायक की यह दूसरी विदेश यात्रा है। सबसे पहले उन्होंने भारत की यात्रा की थी।



चीन के अपने दौरे के दौरान दिसानायक राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ दोनों देशों के आपसी हितों के संबंध में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे तथा चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग एवं चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि इस दौरे के दौरान श्रीलंका और चीन के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। इस आधिकारिक दौरे के दौरान,दिसानायक कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे और तकनीकी एवं कृषि विकास के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन के उद्देश्य से पहल पर केंद्रित क्षेत्रीय दौरे करेंगे। इस यात्रा में उच्च स्तरीय व्यापारिक बैठकें और चर्चाएं भी होंगी।

# जिंदगी की जंग हार गया कुश

» टेस्ट ड्राइव के दौरान पेड़ से टकरा गई थी कार

» 31 दिसंबर की रात कार से दोस्त के साथ टेस्ट ड्राइव पर निकला था युवा कुश

» रेलवे फाटक के पास पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी कार, दोनों हुए थे घायल

**- संवाददाता -**
**बिश्रामपुर, 14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।**

वर्ष के अंतिम दिवस 31 दिसंबर को बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में कुम्दा रेलवे फाटक के पास देर रात कार दुर्घटना हुई थी। इसमें गंभीर रूप से घायल मित्तल क्लॉथ स्टोर के संचालक श्याम सुंदर मित्तल के 22 वर्षीय पुत्र कुश मित्तल की सोमवार को उपचार के दौरान रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में मौत हो गई। कुश के मौत की खबर जैसे ही नगर में पहुंची लोग मायूस हो गए। हंसमुख और मिलनसार छवि के कुश मित्तल की मौत से नगरवासी शोक में हैं। घटना के बाद से ही कुश के जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद परिवार सहित नगरवासियों को थी, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।



31 दिसंबर को कुश अपने मित्र सूरजपुर लंकापारा निवासी सौम्य अग्रवाल के साथ कार की टेस्ट ड्राइविंग के लिए देर शाम करंजी की ओर निकला था। रात करीब साढ़े 9 बजे जब दोनों लौट रहे थे, तभी बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर दतिमा से पहले पडने वाले रेलवे क्रॉसिंग जहां वर्तमान में ओवर ब्रिज निर्माण का काम चल रहा है, डायवर्सन मार्ग में सड़क किनारे यूकेलिप्टस से उनकी कार टकरा गई थी।

दुर्घटना में वाहन चला रहे सौम्य अग्रवाल और सवार कुश को गंभीर चोटें आईं थीं। सूचना पर पहुंची बिश्रामपुर व करंजी पुलिस ने दोनों को किसी तरह कार से बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को अंबिकापुर ले जाया गया।

### वेंटिलेटर सपोर्ट पर था कुश

कुश मित्तल को सीने व चेहरे में गंभीर चोट के बाद दूसरे दिन चिकित्सकों की परामर्श के बाद रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल में भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा था, यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। लगातार वह वेंटिलेटर सपोर्ट में था तभी सोमवार की दोपहर अचानक उसकी सांसें थम गईं।

कुश के निधन की खबर जैसे ही नगर में पहुंची, मातम पसर गया। सोमवार को रायपुर में ही पीएम के बाद देर शाम परिजन उसके शव को लेकर यहां पहुंचें। मंगलवार को कुश का स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न की सुनवाई 23 जनवरी को कोरिया में

**- संवाददाता -**
**एमसीबी, 14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर,कोरिया और सूरजपुर से प्राप्त महिलाओं के उत्पीड़न की प्रकरणों की सुनवाई 23 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। यह सुनवाई आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक और सदस्य श्रीमती प्रियम्वदा सिंह जूदेव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष,बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया में सुबह 11: 00 बजे से शुरू होगी। इस सुनवाई का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अधिनियम की धारा 10(3) के तहत किया जा रहा है। इसमें सभी आवेदिकाओं और अनावेदकों को नोटिस जारी कर सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे नोटिस तामील कराकर उसकी पावती आयोग को उपलब्ध कराएं। साथ ही सुनवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी,एक आरक्षक और एक महिला आरक्षक की ड्यूटी लगाई जाएगी।

### एमसीबी जिले का आवेदिकाएं और अनावेदक का नाम पता इस प्रकार है...

धोखाधड़ी के मामलों में रत्ला हथगेन पति प्रकास हथगेन निवासी नेहरू कालोनी सोनावनी, उषा पति संजय निवासी मौहरपारा वार्ड न0 03 मनेन्द्रगढ़, तुलसा पति बलराम समुंद निवासी सेंट्रल स्कूल के पीछे मनेन्द्रगढ़ और आरती पति विकेश चौहान निवासी कपुर सिंह दफाई छोटा बाजार आवेदिकाएं हैं, जबकि चन्दन बिरहा पिता सुक्खु निवासी शनि मंदिर के पास मोहन कालोनी चिरमिरी अनावेदक है। हत्या के मामले में मृतिका अंजना जायसवाल की ओर से प्रभावती जायसवाल निवासी छोटा बाजार चिरमिरी आवेदिका है। अनावेदकों में डॉ. राजेन्द्र नारायण परीड़ा, डॉ. प्रीतीवन्ति टोप्पो, डॉ. आशा बसंल और अन्य चिकित्सा विशेषज्ञ राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेवी शासकीय चिकित्सक महाविद्यालय नगर थाना व तहसील अम्बिकापुर एवं परिदा नर्सिंग होम गुदरी चौक प्रतापपुर नाका रोड जिला-सरगुजा शामिल हैं। दहेज प्रताड़ना के मामले में श्रीमती रूपा पत्नी नीरज नौरंगा जाति सुर्यवंशी निवासी वार्ड क्र0 14 झगराखाण्ड आवेदिका हैं, जबकि नीरज नौरंगा (पति), गौरी बाई (सास), रानी नौरंगा (ननंद) और सागर (जेठ) निवासी 03 लक्ष्मी परिसर फेस-2 नीरज नगर पोस्ट त्रिलंगा जिला-भोपाल अनावेदक हैं। मानसिक प्रताड़ना के मामलों में वंदना जायसवाल निवासी म.न.-76, एम.एल.ए नगर बैकुण्ठपुर और सचिव न्यू लाईफ'' हेल्थ एण्ड एजुकेशन सोसायटी प्रधान कार्यालय पोंड़ी(बचरा) आवेदिका है। जबकि डॉ. राकेश शर्मा पता संचालक शर्मा हॉस्पिटल महलपारा बैकुन्ठपुर,संजय जयसवाल पार्षद जूनापारा बैकुन्ठपुर,रवि सिंह पत्रकार दैनिक समाचार पत्र घटती - घटना,पता कटकोना,कोरिया और अविनाश सिंह संपादक दैनिक समाचार पत्र घटती-घटना एमसीबी,कोरिया, सूरजपुर निवासी पावर हाउस रोड़ नम्नाकला अम्बिकापुर अनावेदक है। वहीं मानसिक आर्थिक प्रताड़ना के मामलों में श्रीमति गिरजा कुवँर पति स्व. छोटेलाल निवासी दलगंज दफाई छोटा बाजार चिरमिरी आवेदक है। जबकि आदेश कुमार आ. स्व. बैरिहा निवासी आमानाला हल्दीबाड़ी अनावेदक है। जबकि एक और मानसिक प्रताड़ना के मामलों में रीता मिंज उम्र 48 वर्ष जाति उरांव (आदिवासी) निवासी ग्राम चनवाड़ीह मनेन्द्रगढ़ आवेदिका है। वही इस मामले में मुकेश कुमार जायसवाल निवासी एवं अवधेश कुमार रजंन जायसवाल ग्राम बरौट जिला-गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही अनावेदक है। वहीं एक और मानसिक प्रताड़ना के मामलों में मणीलता जैन पति श्री प्रेमचन्द्र जैन निवासी एफसीआई गोदाम के पीछे वार्ड न. 11 जिला एमसीबी आवेदिका है। वहीं रोली जैन (बहू), श्रीमती अभिलाषा जैन (माता), पवन कुमार जैन (पिता) निवासी ई-594 स्कीम नं. 51 सगंम नगर इंदौर मध्यप्रदेश अनावेदक में शामिल है। इसी तरह एक और मानसिक प्रताड़ना के मामलों में श्रीमति दुर्गा कुलदीप जीएम काम्पलेक्स पोंड़ी एमसीबी आवेदिका है। इस मामले में इम्तियान खान/मो. सलीम खान पुलिस थाना प्रभारी (पोंड़ी) जिला एमसीबी अनावेदक है। इसी के साथ मानसिक प्रताड़ना के मामलों में श्रीमति उर्मिला सिंह श्यामबहादुर सिंह ग्राम मुर्किल हालमुकाम हरफरा भरतपुर आवेदिकाएं हैं। इस मामले में श्री श्यामबहादुर सिंह ग्राम मुर्किल हालमुकाम हरफरा भरतपुर जिला एमसीबी अनावेदक है। और संपत्ति विवाद मामले में जानकी नाग बेवा स्व. प्रकाश कुमार नाग निवासी बड़ा बाजार चिरमिरी आवेदिका है। वहीं अभिषेक अग्रहरी आ. भगवान दास अग्रहरी निवासी बड़ा बाजार चिरमिरी अनावेदक शामिल हैं। इस सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए यह कदम उठाया है। आयोग ने सभी प्रकरणों की पारदर्शी और निष्पक्ष सुनवाई का आश्वासन दिया है।

CMYK

# सत्ता मद में चूर मंत्री देवांगन के व्यवहार कोई अजूबा नहीं, क्या छत्तीसगढ़ की माता बहनो को कुड़ा करकट समझ रखे है?: सपना चौहान

- संवाददाता -
कोरबा,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

फ्लोरा मैक्स कंपनी द्वारा ठगी की शिकार महिलाएं इस कडकड़ाती ठंड में न्याय की आस में आई टी आई चौक पर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठी है। महिलाओं से मिलने पहुंचे राज्य के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के सुर अचानक बदल गए और महिलाओं को खुले आम धमकी दे दिया कि ज्यादा हेकड़ी दिखाओगे तो तो उठाकर फेंकवा देंगे। महिलाओं ने भी तत्काल जवाब देते हुए कहा कि उठाकर फेंकवा दो, हमारे वोट से ही नेता बने हो। क्या छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को आप कुड़ा करकट समझ रखे है? जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर के अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने मंत्री देवांगन के बयान को आढ़े हाथों लेते हुए कहा कि धरना स्थल पर श्रम मंत्री का व्यवहार जो दिखाई दिया, वह कोई आश्चर्यजनक घटना नहीं है। वास्तव में सत्ता के मद में चूर भाजपा को मंत्रियों व पदाधिकारियों का गुरूर होना कोई अजूबा नहीं। श्रीमती चौहान ने यह भी कहा कि महिलाओं ने जैसा बताया कि फ्लोरा मैक्स कंपनी के शुभारंभ कार्यक्रम का उद्घाटन स्वयं मंत्री देवांगन ने किया था जिसकी वजह से महिलाओं ने भरोसा कर कंपनी की योजनाओं में शामिल हुई और आज ठगी का शिकार हो गई है। उपेक्षा और आरोपियों के प्रति बरती जा रही नरमी पर नाराजगी जताई और कहा कि कोरबा की जनता को अब समझ आने लगा है। पिछले विधानसभा चुनाव के समय अपने आपको छत्तीसगढ़िया एवं आम जनता के हितैषी बताने वाले मंत्री लखन देवांगन का सत्ता का नशा



सिर चढ़ कर बोल रहा है, जो माता बहनो का अपमान करने से भी नही चुक रहे है, इसके लिए मंत्री देवांगन सार्वजनिक रूप से महिलाओं से मांगी मांगे। भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा एक बार फिर उजागर हो गया है। पिछली कांग्रेस की सरकार में महिला स्व सहायता समूह को 12,000 करोड़ रूपये का कर्जा माफ किया गया था, तो क्या यह सरकार जो अपने आप को महिलाओं का हितैषी होने का ढ़िढ़ोरा पिटती है इनका कर्जा नही माफ कर सकती?

आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने भी महिलाओं के दुख दर्द को मरहम लगाने के बजाय स्पष्ट रूप से कहा कि हम लोग लोन माफ नही कर करते है। लोन हमसे पूछ कर लिये थे क्या? लोन के पैसे से आप लोग दारू मुर्गा खा गये।

सपना चौहान ने आगे कहा कि भाजपा शासन में कानून व्यवस्था की स्थिति एकदम लचर हो गई और अपराधियों के पौ-बारह हो गए है। सभी तरफ अपराध बढ़ते जा रहे है। चोरी, हत्या, बलात्कार जैसी अपराधिक घटनाएं बढ़ी है और आम जनता की फरियाद भाजपा शासन में कोई सुनने वाला नही है ऐसा प्रतित होता है।

हाल ही में छात्रावास की एक नाबालिग आदिवासी लड़की ने एक बच्चे को जन्म दिया। जो प्रदेश में भाजपा सरकार की बिगड़ती कानून व्यवस्था का ज्लवंत उदाहरण है। झूठ का सहारा लेकर सत्ता हथियाने वाले भाजपाई उसी जनता का आभार ऐसे शब्दों से करते है। यह जनता बखूबी समझ गई है। मंत्री के उक्त बयान की जितनी भी भर्तस्ना की जाय कम है। इसकी सारे कांग्रेसी निंदा करते है।

# अधीनस्थ कर्मचारियों की कार्यालयों में उपस्थिति सुनिश्चित करें अधिकारी : कलेक्टर अजीत वसंत

- संवाददाता -
कोरबा,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने शासकीय योजनाओं के समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे समय पर ऑफिस खोलने के साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों की निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाने और उपस्थिति संबंधित जानकारी समय पर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्य में लापरवाही पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों का आंकलन करते हुए विभाग प्रमुख भी निरीक्षण करते रहे। उन्होंने सभी को शासन के निर्धारित नियमों अनुसार कार्यालयों में उपस्थिति और आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के निर्देश दिए साथ ही बैठक मे श्री वसंत ने जिले में धान की अवैध खरीदी पर रोक लगाने और आने वाले दिनों में की जा रही धान खरीदी



पर निगरानी रखते हुए कटे हुए टोकन का सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में समय पर धान का उठाव करने और स्टैकिंग के निर्देश दिए। बैठक मे

पुराने वाहनों को नीलामी करने, स्क्रैप वाहनों की जानकारी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा निर्धारित सीमा पूर्ण कर चुके पुराने वाहनों को नीलाम किया जा चुका हैं वे शासन को नए शासकीय वाहन के लिए पत्र प्रेषित करें। जिन्होंने नीलामी प्रक्रिया नहीं अपनाई है उन विभागों को नीलामी की प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में अंडर पास निर्माण, स्कूलों में किचन शेड,टॉयलेट निर्माण, सखी वन स्टॉप सेंटर,खिरटी में माध्यमिक शाला, करईनारा में पुलिया,झोराघाट पुल में अप्रोच रोड़, दूरस्थ क्षेत्रों में खाद्यान्न की व्यवस्था, मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में लिफ्ट रिपेयरिंग, विद्युत विहीन ग्रामीण बसाहटों में विद्युतीकरण, चैतुरगढ़ में बिजली पहुचाने के सम्बंध में निर्देश दिए। उन्होंने जनपद अंतर्गत कार्यों की समीक्षा कर लम्बित कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग,अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, मनोज बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# फ्लोरा मैक्स से जुडी महिलाओं को प्रताड़ित करने वाले माइक्रो फाइनेंस के रिकवरी एजेंटो के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

- संवाददाता -
कोरबा, 14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।




जिले की कुछ महिलाओं की शिकायत थी कि उन्होंने फलोरा माइक्रोफाइनेंस सहित अन्य से ऋण लिया है। इस दौरान कई रिकवरी एजेंट उन्हें घर आकर वसूली के नाम पर प्रताड़ित करते हैं। इस मामले में शिकायत प्राप्त होने पर आज जिले में अलग-अलग थाने में माइक्रो फइनेंस के रिकवरी एजेंटां के विरूद्ध छह एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस थाना कटघोरा, उरगा और करतला में प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा विवेचना किया जा रहा है। इसी तरह कटघोरा एसडीएम ने बताया कि वित्तीय अनियमितता के संबंध में लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों की जांच के संबंध में अनुविभाग कटघोरा, जिला - कोरबा में संचालित माईक्रोफाईनेंस कंपनी क्रमशः एलएनटी बैंक कटघोरा, अन्नपूर्णा बैंक दीपका, सीसस बैंक दीपका, नैफिस बैंक कटघोरा, स्पंदना बैंक के कार्यालय को दल-बल के साथ सील किया गया। स्पंदन बैंक नवागांव कटघोरा के एजेण्ट प्रताप रूद्र शरण पिता अमृतलाल धीवर, उम्र 22 साल, निवासी सरखों बैगापारा चौकी नैला थाना जांजगीर के द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार एवं अवैध वसूली करते पाया गया। मौके पर शांति भंग होने की पूर्ण सम्भावना थी, पुलिस के पास इन्हें गिरफ्तार करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प न होने से इन्हे धारा 170, 126, 135 (3) बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार कर इन्हे जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त सभी प्रकरणों में विधिवत कार्यवाही जारी है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- » जशपुर और मनोरा विकासखण्ड के लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग
- » प्रतियोगिता में कब्बड्डी, रिले रेस, गोला फेंक, रस्साकसी,100 मीटर दौड़, तवा फेंक खेलों का हुआ आयोजन





- संवाददाता -
जशपुरनगर,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2025 को नेहरु युवा केंद्र जशपुर द्वारा रणजीता स्टेडियम में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जशपुर और मनोरा के लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के लिए कब्बड्डी, 400मीटर रिले रेस, गोला फेंक तथा बालिका वर्ग के लिए रस्साकसी, 100 मीटर दौड़, तवा फेंक खेलों को आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत नेहरु युवा केंद्र जशपुर के जिला युवा अधिकारी सुश्री सुमेधा पवार ने स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। खेल प्रतियोगिता में कब्बड्डी में जशपुर की वनवासी कल्याण आश्रम की टीम प्रथम रही और टीम वॉरियर्स की टीम द्वितीय रही। इसी क्रम में रस्साकसी में प्रथम अन्ना खाखा जशपुर की टीम और द्वितीय अनुषा की टीम रही। 400 मीटर दौड़ में कर्मा संन्यासी की टीम प्रथम रही, आलोक भगत की टीम द्वितीय, अभिषेक भगत की टीम तृतीय रही। 100 मीटर दौड़ में ऐश्वर्या खेस, द्वितीय अनुग्रहित टोप्पो, तृतीय दिलेश्वरी तिर्की रहे। तवा फेंक में प्रथम ऐश्वर्य खेस, रूबी चौहान, तृतीय सपना पैंकरा। गोला फेंक में विश्वनाथ तिग्गा, द्वितीय सोनू राम, तृतीय नितेश बरवा रहें। सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला युवा अधिकारी के द्वारा प्रमाण पत्र, मेडल और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में एकलव्य खेल अकादमी के तीरंदाजी प्रशिक्षक राजेन्द्र कुमार देवांगन, तैराकी प्रशिक्षण गजेन्द्र साहू का बहुत योगदान रहा। जिन्होंने पूरे प्रतियोगिता में मैच निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे और अपनी सेवा दिया। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि जो भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किए है, वो सभी आगामी जिला स्तर प्रतियोगिता में अपने विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे और स्पोर्ट्स किट प्राप्त करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक सूर्यकांत चंद्रा ने बताया कि 12 जनवरी से 19 जनवरी तक नेहरू युवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत अलग-अलग दिवस में अलग-अलग कार्यक्रम जैसे सांस्कृतिक दिवस, प्रतिभागिता दिवस, श्रमदान, खेलकूद इत्यादि कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा युवाओं को संदेश दिया गया।



# प्रतिदिन चिरमिरी निगम आयुक्त शहर की व्यवस्थाओं का ले रहे हैं जायजा

- संवाददाता -
एमसीबी,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देशानसार ज़िले के कलेक्टर एवं चिरमिरी नगर निगम प्रशासक डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में प्रतिदिन चिरमिरी नगर निगम के आयुक्त राम प्रसाद आचला के द्वारा निगम अमले के साथ चिरमिरी शहर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को आयुक्त आचला ने शहर के हृदय स्थल हल्दीबाड़ी सरगुजा समिति में विशेष अभियान चलाकर नाला की साफ़-सफाई कराई, सफाई कराए जाने के दौरान उन्होंने आमजनों



से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों के आसपास साफ-सफाई का वातावरण रखें। सफाई रहेगी तो हमें गंभीर से गंभीर बीमारियों से निजात मिलेगी, उन्होंने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि घरों के कचरो को वार्डों में प्रतिदिन चल रही डोर टू डोर वाहनों में ही डालें घर के बाहर किसी प्रकार की कोई भी गंदगी ना करें।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने हल्दीबाड़ी के सिद्धबाबा पहाड़ मंदिर में बन रहे सड़क का निरीक्षण एवं निर्माण कार्यों का मुआयना किया और कार्य में गति लाने तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान नगर निगम के स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी, सहायक अभियंता विजय बधावन, जिला समन्वयक पीआईयू प्रवीण कुमार सिंह शामिल रहे।

# पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस के उपभियंता, एमएलबी के व्याख्याता को नोटिस

- संवाददाता -
जशपुरनगर,14 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

- » निर्वाचन कार्य में लापरवाही ईव्हीएम मशीनों का फस्ट लेवल चेकिंग कार्य में अनाधिकृत अनुपस्थित होने पर की गई कार्यवाही

उप जिला निर्वाचन अधिकारी जशपुर द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतने पर लोक निर्माण विभाग जशपुर के उप अभियंता श्री रंजित वैलेंटाइन एक्का, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर के उप अभियंता श्री अनुज केरकेट्टा, शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा.विद्यालय जशपुर के व्याख्याता श्री सिकन्दर भगत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गम्हरिया के भृत्य श्री कलिन्दर राम, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पुत्री चौरा के भृत्य श्री महावीर भगत एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बुनियादी जशपुर के भृत्य श्री संजय कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि कार्यालयीन आदेश 12 जनवरी 2025 के द्वारा नगरी निकायों के निर्वाचनों में उपयोग हेतु ईव्हीएम मशीनों का फस्ट लेवल चेकिंग का कार्य 13 से 16 जनवरी तक किये जाने के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।


**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0.......... अ- 20(3) /2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सलिल गुप्ता आ0 कमलेश गुप्ता उम्र लगभग 34 वर्ष जाति हलवाई निवासी ब्रम्हरोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 मुख्तार आम वास्ते- मंजू गुप्ता, निशांत गुप्ता, श्वेता गुप्ता, अंश गुप्ता, ना0बा0 पार्थ गुप्ता, संध्या गुप्ता,मीठी गुप्ता, संगीता गुप्ता ,संकल्प गुप्ता के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला ब्रम्ह रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-03, स्थित प्लाट नम्बर 903/1, 904/1, 904/3, 904/4, 904/5 रकबा क्रमशः 0.02, 0.001/2, 0.01, 0.001, 0.00.1/2 एकड़ भूमि/मकान को अनावेदक/क्रेता रेनू, तिवारी पत्नी, कृपा शंकर तिवारी उम्र लगभग 44 वर्ष, जाति ब्राम्हण निवासी ब्रम्हरोड सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 31/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर.छ0ग0**

रा.प्र.क्र. 931/ब 121 /2024/ 10.01.2025

**ईश्तहार**

आवेदिका का नाम किसनी बाई आ0 सोमार साय जाति-रजवार निवासी ग्राम पसला प0ह0नं0 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने पिता सोमार साय मृत्यु दिनांक 12/08/1999 का मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 17/01/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/01/2025 को जारी किया जाता है

(सील) तहसीलदार सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित अग्रवाल वगै0 आ0 कलीराम अग्रवाल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 4623/4 रकबा 0.116 हे0 में 0.048 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा,रजिस्ट्री की प्रति,आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है,जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 30/01/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनीता देवरिया पत्नी लुकभान देवरिया जाति चमार निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 130/61 रकबा 0.013 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा,भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,रजिस्ट्री की प्रति,आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है,जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 30/01/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रफीक अंसारी पिता महदलि जाति मुसलमान निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 270/24 रकबा 0.008 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा,रजिस्ट्री की प्रति,आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है,जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 30/01/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

# मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिले में 177.24 करोड़ रुपए के 198 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

- संवाददाता -
बलरामपुर,14 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित तातापानी महोत्सव का शुभारंभ करते हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जिले में कुल 177.24 करोड़ रुपए के 198 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 43 करोड़ 14 लाख 78 हजार रुपए के 58 विकास कार्यों का लोकार्पण और 134 करोड़ 09 लाख रुपए के 140 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास शामिल है।





विकास कार्यों में 21 करोड़ 58 लाख की लागत से केरता से बच्छराजकुंवर मानपुर तक पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण, 04 करोड़ 31 लाख की लागत से झारा से तालकेश्वरपुर सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण, 12 करोड़ 68 लाख की लागत से बंशधारी नाला व्यपवर्तन योजना निमार्ण कार्य का भूमिपूजन, 03 करोड़ 54 लाख की लागत से लुरगी सरगढ़ी से जोरोपानी सड़क निमार्ण कार्य का भूमिपूजन, 03 करोड़ 75 लाख की लागत से मोखा से धुनधारूपारा तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 04 करोड़ 41 लाख की लागत से नगरपालिका परिषद बलरामपुर में नालंदा परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

लोकार्पण अंतर्गत 43 करोड़ 14 लाख 78 हजार रुपए लागत राशि के 58 विकास कार्य शामिल है। जिसमें लोक निर्माण विभाग के 04 विकास कार्य लागत राशि 29 करोड़ 39 लाख 63 हजार रुपए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 06 विकास कार्य लागत राशि 01 करोड 45 लाख 75 हजार रुपए, जनपद पंचायत राजपुर के 02 कार्य लागत राशि 40 लाख रूपये, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के 45 विकास कार्य लागत राशि 7 करोड़ 58 लाख 40 हजार रुपए, पीएमजीएसवाई बलरामपुर के लागत राशि 04 करोड़ 31 लाख रूपये के 01 कार्य शामिल है।

भूमिपूजन/शिलान्यास अंतर्गत 134 करोड़ 09 लाख रुपए लागत राशि के 140 विकास कार्य शामिल है। जिसमें ग्रामिण यांत्रिकी सेवा के 05 विकास कार्य लागत राशि 03 करोड़ 80 लाख रुपए 70 हजार, जल संसाधन विभाग रामानुजगंज के 12 विकास कार्य लागत राशि 46 करोड़ 36 लाख 83 हजार रुपए, जल संसाधन विभाग बलरामपुर के 05 विकास कार्य लागत राशि 14 करोड़ 33 लाख 52 हजार रूपये, पीएमजीएसवाई बलरामपुर के 14 विकास कार्य लागत राशि 23 करोड़ 35 लाख, पीएमजीएसवाई राजपुर के 26 विकास कार्य लागत राशि 37 करोड़ 04 लाख 25 हजार रूपये, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के 20 विकास कार्य लागत राशि 02 करोड़ 09 लाख 15 हजार रुपए, जनपद पंचायत बलरामपुर में राशि 02 करोड़ के 68 लाख 87 हजार के 23 विकास कार्य शामिल है। नगर पालिका परिषद बलरामपुर अंतर्गत 4.41 की लागत से नालंदा परिसर निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री साय तातापानी में स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना पश्चात मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कराये जा रहे सामूहिक विवाह में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात् विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए विकास कार्यो के प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तातापानी स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की...





मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में तातापानी स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्री साय संक्रांति परब तातापानी महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर तातापानी पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने तपेश्वर महादेव पर जल का अर्घ्य देकर तपेश्वर महादेव के विशाल प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर पर श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया।

### बच्चों के साथ पतंगबाजी का लिया आनन्द

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल व गुरुकुलम के बच्चों नैतिक चौरसिया, अंश हलदार, यश गुप्ता, श्रेष्ठ सोनी, नमन थानदार के साथ चकरी एवं मांझा थाम कर पतंगबाजी का आनन्द लिया।

### मुख्यमंत्री ने चारपाई में बैठकर तिलकुट और लड्डू का चखा स्वाद

मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण में चारपाई पर बैठकर तिलकुट और तिल के लड्डू का स्वाद चखा। इस दौरान कृषि मंत्री, अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी लड्डू का आनंद लिया।ऐसी धार्मिक मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन स्नान, दान के साथ तिलकुट व तिल के लड्डू को खाया जाता है।

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का किया अवलोकन

- मुख्यमंत्री श्री साय ने बुनकर सौदन सिंह के प्रेमपूर्वक आग्रह पर चलाया चरखा
- कुम्हारों की अद्वितीय कला, आदिवासियों समुदायों की सांस्कृतिक पहचान को सजीव करती झलकियां





मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तातापानी मुख्य स्थल प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस चरखे को आत्मनिर्भरता, और स्वावलंबन का प्रतीक माना था, मुख्यमंत्री श्री साय ने बुनकर सौदन सिंह के प्रेमपूर्वक आग्रह पर साथ बैठ चरखा चलाया। शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों का उत्थान कर इन सिद्धांतों को पूरा किया जा रहा है।

25 सालों से कुम्हार का काम कर जीवन यापन करने वाले शिवमंगल से स्टॉल में की मुलाकात

25 सालों से कुम्हार का काम कर जीवन यापन करने वाले शिवमंगल से भी मुख्यमंत्री श्री साय ने बड़ी ही आत्मीयता से मुलाकात की। राजपुर के आरा ग्राम के निवासी शिवमंगल का पूरा परिवार कुम्हार का काम करते हैं। वे बताते हैं कि शासन द्वारा विद्युत चाक प्राप्त होने से अपनी जीविका चलाने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि इस काम से उन्हें अपने जीवन में काफी सम्मान भी मिला है। शिवमंगल आगे बताते हैं कि इस काम से उन्हें सालाना 2-3 लाख की आय हो जाती है। पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुम्हारों द्वारा पारंपरिक माटी-चाक के माध्यम से मिट्टी के बर्तन बनाने की कला का जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में कुम्हारों की अद्वितीय कला और उनके द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के बर्तनों, जैसे कि मटके, कुल्हड़, और अन्य उपयोगी वस्तुओं को रखा गया है।

श्रृंगार सदन स्टॉल के माध्यम से लाइव बैंगल और चुड़ियां बनाने की विधि का प्रदर्शन किया गया। इसी तरह मिलेट कैफे के माध्यम से स्थानीय मिलेट की खेती और उनसे बने स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों को प्रदर्शित किया गया है। ट्राइबल फूड स्टॉल के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य जिलों की परंपरा, उनके रहन-सहन और स्थानीय जीवन का प्रदर्शन, देवगुड़ी, पारंपरिक वाद्य यंत्रों, बांस से बनी कलाकृतियां, सहित आयोजन स्थल पर 28 विभागों द्वारा विभिन्न थीम पर स्टॉल लगाया गया। स्टॉल के माध्यम से आजीविका गतिविधि मॉडल आवास शौचालय सहित, अमृत सरोवर, जैव विविधता संरक्षण, स्थानीय समुदायों की भागीदारी, देवगुड़ी एवं आदिवासी संस्कृति, जैविक खेती में उन्नत कृषि तकनीक का प्रयोग, फूलों के खेती का जीवंत प्रदर्शन एवं पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, सौर सुजला, जल जीवन मिशन, एकल खिड़की प्रणाली आधार, लोक सेवा केंद्र, उद्योग में स्थानीय व्यक्तियों के रोजगार प्रोत्साहन एवं वित्तीय साक्षरता, गागर फीडर डेम मॉडल, यातायात जागरूकता, नालंदा परिसर मॉडल, आदि प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

# तातापानी महोत्सव बना सर्वधर्म समभाव का प्रतीक

- 300 बेटियों के हाथ हुए पीले
- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद





मकर संक्रांति के पावन अवसर पर तातापानी महोत्सव में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में 300 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे। यह महोत्सव सर्वधर्म समभाव का प्रतीक बनकर उभरा, जहां हिंदू, मुस्लिम और क्रिश्चियन रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न हुए।

### सर्वधर्म समभाव की अद्भुत मिसाल

मुख्यमंत्री ने कहा, यह मेरे लिए गौरव का विषय है कि आज 300 बेटियों के हाथ पीले हो रहे हैं। यह आयोजन न केवल गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल है, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द का संदेश भी देता है। इस सामूहिक विवाह में 291 जोड़ों का विवाह हिंदू परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चार और सात फेरों के साथ हुआ। एक मुस्लिम जोड़े का निकाह मौलाना ने कराया, जबकि आठ जोड़ों ने क्रिश्चियन परंपरा के अनुसार पादरी की उपस्थिति में एक-दूसरे के प्रति वफादारी का वचन लिया।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बनी सहारा

कार्यक्रम में कन्या विवाह योजना के तहत गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता दी गई। कुसमी विकासखंड के जलबोधा गांव की सुश्री कुंती नगेशिया, जो दोनों आंखों से देख नहीं सकतीं, ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मेरी आर्थिक स्थिति और दिव्यांगता के कारण विवाह की राह मुश्किल थी। आज मुख्यमंत्री के आशीर्वाद और इस योजना की मदद से मेरा विवाह संपन्न हुआ। जॉनसन तिर्की, रिंता केरकेट्टा और अल्ताफ खान के परिवारों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और उनकी जरूरतों को पूरा करने का अनूठा प्रयास है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ मंत्री श्री रामविचार नेताम, अनेक जनप्रतिनिधियों और हजारों लोगों ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया। सभी ने मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बना दिया।

### समाज में सौहार्द का संदेश

मुख्यमंत्री ने नवदम्पतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आपसी सम्मान, भरोसे और जिम्मेदारी से अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाएं। यह सामूहिक विवाह समाज में एकता, प्रेम और सौहार्द का संदेश है।

धान खरीदी-2024-25

# किसानों को अंतर की एकमुश्त राशि मिलेगी

## मुख्यमंत्री ने तातापानी महोत्सव में की बड़ी घोषणा

- ढाई एकड़,टू-व्हीलर या 15 हजार रुपए मासिक कमाने वाले
- हितग्राहियों को भी मिलेगा प्रधानमंत्री आवास
- वन भूमि पट्टाधारियों के निधन उपरांत अब फौती कटेगा








मकर संक्रांति के अवसर पर तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के किसानों के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि खरीफ वर्ष 2024-25 के तहत धान खरीदी प्रक्रिया 14 नवम्बर 2024 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसमें 27 लाख से अधिक किसानों का समर्थन मूल्य पर पंजीयन हुआ है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार भी प्रदेश में बम्पर धान उत्पादन हुआ है और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य समय पर मिले। उन्होंने घोषणा की कि धान खरीदी समाप्त होने के सप्ताह भर के भीतर किसानों को अंतर की राशि एकमुश्त अंतरित कर दी जाएगी।

### सुशासन की मिसाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफ वर्ष 2022-23 की अंतर की राशि सुशासन दिवस यानी 25 दिसंबर 2023 को किसानों के खातों में अंतरित की गई थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस वर्ष भी किसानों को समय पर भुगतान कर उनके हितों की रक्षा की जाएगी।

### विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

श्री साय ने महोत्सव के दौरान 177 करोड़ों रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और आदिवासियों के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना और जनजाति उत्कर्ष योजना जैसे कार्यक्रमों से लाखों परिवारों को लाभ मिल रहा है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति शपथ ग्रहण करने के दूसरे दिन दे दिए थे, केंद्र सरकार से 08 लाख 47 हजार आवासों की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा विगत दिनों केंद्र सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रायपुर में 3.88 लाख नए आवासों की सौगात भी दी है। श्री साय ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब ढाई एकड़, टू व्हीलर या 15 हजार रुपए मासिक कमाने वाले हितग्राहियों को भी प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार में आते ही तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक दर 4 हजार से बढ़ाकर 5500 रुपए कर दिए हैं और बोनस की राशि भी वितरण शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वन भूमि पट्टा धारियों के निधन उपरांत अब फौती कटेगा ताकि उनके उत्तराधिकारी को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने इन योजनाओं से समाज के कमजोर वर्गों के जीवनस्तर में सुखद बदलाव लाने का काम किया है।

प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा तातापानी महोत्सव के अलावा यह संगम स्थल भी है। मकर संक्रांति पर्व ऋतु परिवर्तन का संदेश देती है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की वजह से प्रदेश के लाखों परिवारों के चेहरे में चमक आई है, खुशियां बिखरी है।

इस अवसर पर सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शंकुतला पोर्ते, सरगुजा विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, पूर्व गृह मंत्री श्री रामसेवक पैकरा, सरगुजा कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, आई.जी. श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

CMYK



## रोहित शर्मा वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए

**मुंबई,14 जनवरी 2025।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 23 जनवरी से शुरू होने वाले 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले प्रशिक्षण सत्रों के लिए मुंबई की टीम में शामिल हो गए हैं। टीम ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में दो घंटे का सेंटर-विकेट अभ्यास सत्र आयोजित किया और जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अपने छठे दौर के घरेलू मैच की तैयारी के लिए पूरे सप्ताह प्रशिक्षण जारी रखने के लिए तैयार है।क्क

# कैसी होगी टीम इंडिया की बेस्ट प्लेइंग इलवेन

### » इस नंबर को लेकर सबसे ज्यादा सस्पेंस

**नई दिल्ली,14 जनवरी 2025।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया एक बार फिर से टी20 इंटरनेशनल मैच के लिए मैदान में उतरने जा रही है। इस बार भारतीय टीम का सामना इंग्लैंड से होगा। सीरीज में पांच मैच होने हैं, जो काफी अहम होंगे। बीसीसीआई की ओर से इसके लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। अब वक्त है कि ये समझा जाए कि पहले मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन क्या हो सकती है। खास तौर पर अगर बात नंबर तीन की करें तो यहां कौन बल्लेबाजी के लिए उतरेगा, इस पर से पर्दा हटना अभी बाकी है।

### अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन का ओपनिंग के लिए आना पक्का

कोलकाता में 22 जनवरी को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टी20 मुकाबले के लिए टीम इंडिया की सलामी जोड़ी तो करीब करीब तय है। चुंकि स्क्वाड में दो ही ओपनर चुने गए हैं, इसलिए बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। अभिषेक शर्मा के साथ संजू सैमसन पारी का आगाज करते हुए नजर आएंगे। पहले उम्मीद की जा रही थी कि रुतुराज गायकवाड को भी टीम में जगह मिल सकती है, लेकिन सेलेक्टर्स ने कुछ और सोचा होगा, इसलिए टीम में दो ही ओपनर हैं।



### नंबर तीन पर सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा में से किसे मिलेगा मौका

बात अगर तीसरे नंबर की करें तो वैसे तो ये जगह कप्तान सूर्यकुमार यादव की है और वे इस नंबर पर खुद को साबित भी कर चुके हैं। लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के आखिरी दो मैच में तिलक वर्मा नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए आए थे और उन्होंने दो शतक ठोक दिए थे। इसलिए अब वे भी तीसरे नंबर के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि सूर्यकुमार यादव फिर से अपनी जगह तिलक को देते हैं या फिर खुद ही खेलने के लिए आते हैं। लेकिन नंबर तीन और चार पर यही उतरेंगे, ये तय है।

### हार्दिक पांड्या और नितीश कुमार रेड्डी गेंद और बल्ले से देंगे मजबूती

हार्दिक पांड्या भी टीम में चुने गए हैं, लिहाजा उन्हें नंबर 5 पर बल्लेबाजी का मौका मिल सकता है। नितीश कुमार रेड्डी उन खिलाड़ियों में शुमार हैं, जो अभी ऑस्ट्रेलिया टूर से आए हैं और इस सीरीज में भी चुन लिए गए हैं। वे भी खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं। हार्दिक पांड्या और नितीश कुमार रेड्डी के होने से फायदा ये होता है कि ये दोनों बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी भी टीम का सहयोग करते हैं और टीम काफी मजबूत मालूम देती है। रिंकू सिंह एक बार फिर से फिनिशर की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।

### मोहम्मद शमी की होगी वापसी, ऐसी हो सकती है गेंदबाजी

बात अगर गेंदबाजी की करें तो मोहम्मद शमी की लंबे अर्से बाद टीम इंडिया में वापसी हो रही है। वैसे तो वे डोमेस्टिक क्रिकेट खेल चुके हैं, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उन्हें कुछ एक इंटरनेशनल मैच भी खेलने होंगे, ताकि वे अपनी फिटनेस को साबित कर सकें। उनका भी खेलना करीब करीब तय सा है। उनका साथ अर्शदीप सिंह देते हुए नजर आ सकते हैं। वहीं अगर स्पिनर की बात करें तो अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती बेहतर विकल्प हैं। अक्षर पटेल को तो इस सीरीज के लिए उपकप्तान भी बनाया गया है, यानी उनका भी खेलना तय है।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवनः अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, नितीश कुमार रेड्डी, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह

**इंग्लैंड सीरीज के लिए टीम इंडियाः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

# अपने ही जाल में फंसेगा पाकिस्तान

### » टीम इंडिया को मिलेगा इस बात का फायदा

**नई दिल्ली,14 जनवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का शेड्यूल जारी हो चुका है। इस बार पहला मुकाबला 19 फरवरी को खेला जाना है। भारतीय टीम अपने मिशन का आगाज 20 फरवरी को करेगी, लेकिन सबसे ज्यादा इंतजार जिस मैच का हो रहा है, वो है भारत बनाम पाकिस्तान। भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। शेड्यूल भी उसी ने तैयार किया है। लेकिन अगर आपने इसे गौर से देखा होगा तो एक चीज नोटिस की होगी, जो हम भी आपको बताएंगे। कहीं ऐसा ना हो जाए कि पाकिस्तान अपने ही बनाए हुए जाल में फंस जाए।





### भारतीय टीम का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ

पाकिस्तानी टीम अपना पहला मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी में 19 फरवरी को खेलेगी। इस दिन कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच खेला जाएगा। इसके बाद उसे दूसरा मैच 23 फरवरी को भारत के खिलाफ दुबई में खेलना है। वहीं बात अगर टीम इंडिया की करें तो भारत का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से है और इसके बाद 23 फरवरी का मैच खेलने के लिए टीम उतरेगी। जहां एक ओर पाकिस्तान को अपना मैच खेलकर कराची से दुबई पहुंचना होगा, वहीं टीम इंडिया दुबई में ही कैंप कर रही होगी।

### दुबई में टीम इंडिया के पास बाजी मारने का होगा मौका

वैसे तो कराची से दुबई की दूरी बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन इसके बाद भी खिलाड़ियों को पूरे दिन खेलना और उसके बाद यात्रा करना कोई आसान काम नहीं होता। इतना ही नहीं, पाकिस्तान को दुबई में पहुंचकर ज्यादा मैच प्रैक्टिस भी नहीं मिल पाएगी। भारतीय टीम चुंकि वहीं पर रहेगी, इसलिए उसके पास मौका होगा कि वो जितना भी चाहे अपनी तैयारी करे। साथ ही जिस दुबई के मैदान पर भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होना है, वहां पर टीम इंडिया पहले ही बांग्लादेश से भिड़ चुकी होगी, ऐसे में उसे पिच और कंडीशन की ज्यादा बेहतर जानकारी होगी। इससे जहां एक ओर टीम इंडिया को फायदा मिल सकता है, वहीं पाकिस्तान को इसका नुकसान झेलना पड़ सकता है।

### दुबई का स्टेडियम टीम इंडिया के लिए नहीं रहा है ज्यादा लकी

दुबई का मैदान वैसे तो टीम इंडिया के लिए बहुत ज्यादा लकी नहीं रहा है। ये वही मैदान है, जहां साल के 2021 के टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान ने टीम इंडिया को मात दी थी। अगर चैंपियंस ट्रॉफी की ही बात कर लें तो यहां भी पाकिस्तान का पलड़ा थोड़ा सा भारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच इस आईसीसी टूर्नामेंट में अब तक कुल 5 मुकाबले खेले गए हैं, इसमें से पाकिस्तान ने तीन और भारत ने दो मैच अपने नाम किए हैं। इन्हीं तीन हारों में एक हार साल 2017 के फाइनल की भी शामिल है। हालांकि तब से लेकर अब तक टीमें काफी बदल चुकी हैं। भारतीय टीम के पास मौका होगा कि दुबई में पहले पहुंचकर वहां की आवोहवा को बेहतर तरीके से समझ कर मैच को अपने नाम किया जाए। लेकिन इतना तो तय है कि ये मैच होगा काफी जोरदार।

# सभी टीमों के स्क्वॉयड का हो गया ऐलान

### » किसके हाथ में टीम इंडिया की कमान...

**नई दिल्ली,14 जनवरी 2025।** क्रिकेट फैंस चैंपियंस ट्रॉफी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले महिला क्रिकेट का बड़ा टूर्नामेंट आईसीसी अंडर-19 वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025 खेला जाना है, जिसका आगाज इसी महीने 18 जनवरी से होगा। भारत इस टूर्नामेंट में बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरेगा और उसका पहला मुकाबला वेस्टइंडीज से होगा। टीम इंडिया की कप्तानी निकी प्रसाद करेंगी। अंडर-19 वूमेन्स वर्ल्ड कप का ये दूसरा संस्करण है जो मलेशिया के 4 वेन्यू पर खेला जाएगा। ये टूर्नामेंट 18 जनवरी से 2 फरवरी तक चलेगा, जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों को 4 अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रूप में रखा गया है।



**ग्रूप ए**

**भारतः** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके, जी त्रिशा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस

**मलेशियाः** नूर दानिया सियुहादा (कप्तान), नूर इज्जतुल सयाफिका, इरदीना बेह, नूर आलिया, सुआबिका मनिवन्नन, नूर इस्मा दानिया, सती नाजवाह, नूरिमन हिदायत, फातिन फकीहा अदानी, मार्सिया क्रिस्टिना, नज़ातुल हिदायत हुस्ना, नेसरले येन, नूर आलिया बत्रिसिया, नूर ऐन, नुनी फारिनी

**श्रीलंकाः** मनुदी नानायक्कारा (कप्तान), रश्मिका सेवंडी, सुमुदु निसानसाला, लिमांसा थिलाकरत्ने, विमोक्ष बालासूर्या, हिरुनी कुमारी, रश्मी नेथ्रांजलि, प्रमुदी मेथसारा, संजना कविंदी, दानुली थेनाकून, दहामी सनेथमा, शेहारा इंदुवारी, असेनी थलागुने, शशिनी गिम्हानी, चामुदी प्रबोदा

**वेस्टइंडीजः** समारा रामनाथ (कप्तान), असाबी कॉलेंडर, अबीगैल ब्राइस, केनिका कैसर, जहजारा क्लैक्सटन, डेनेला क्रीज, नैजानी कंबरबैच, एरिन डीन, अमिया गिल्बर्ट, त्रिशा हरदात, ब्रायना हैरीचरण, अमृता रामटहल, सेलेना रॉस, क्रिस्टन सदरलैंड, आलिया वीक्स

**ग्रूप बी**

**इंग्लैंडः** एबी नॉरग्रोव (कप्तान), फोबे ब्रेट, ओलिविया ब्रिंसडेन, टिली कॉर्टीन-कोलमैन, ट्रूडी जॉनसन, केटी जोन्स, चार्लोट लैम्बर्ट, ईव ओनील, डेविना पेरिन, जेमिमा स्पेंस, चार्लोट स्टब्स, अमरुथा सुरेनकुमार, प्रिशा थानावाला, एरिन थॉमस, ग्रेस थॉम्पसन

**आयरलैंडः** नियाम मैकनल्टी (कप्तान), एली बाउचर, एब्बी हैरिसन, जेनिफर जैक्सन, रेबेका लोव, लारा मैकब्राइड, किआ मेकार्टनी, एली मैकगी, जूली मैकनेली, जेनीवीव मॉरिससी, लूसी नीली, फ्रेया सार्जेंट, मिल्ली स्पेंस, एनाबेल स्क्वायर्स, एलिस वॉल्श

**पाकिस्तानः** कोमल खान (कप्तान), जूफिशान अय्याज, एलीसा मुख्तियार, अरीशा अंसारी, फातिमा खान, हनिया अहमर, महम अनीस, महनूर जेब, मेमूना खालिद, मिनाहिल, कुरातुलैन, रवैल फरहान, शहर बानो, तैय्यबा इमदाद, वसीफा हुसैन

**यूएसएः** अनिका रेड्डी कोलन (कप्तान), अदितिबा चुडासमा, चेतना रेड्डी पगद्यला, चेतना जी प्रसाद, दिशा ढींगरा, इसानी महेश वाघेला, लेखा हनुमंत शेट्टी, माही माधवन, निखार पिंकू दोशी, पूजा गणेश, पूजा शाह, रितु प्रिया सिंह, सानवी इम्मादी, साशा वल्लभनेनी, सुहानी थदानी

**ग्रूप सी**

न्यूजीलैंडः टैश वेकेलिन (कप्तान), एलिजाबेथ बुकानन, केट चांडलर, सोफी कोर्ट, हन्ना फ्रांसिस, केट इरविन, ऋषिका जसवाल, लुइसा कोटकैंप, अयान लैम्बैट, एम्मा मैकलियोड, हन्ना ओ%कॉनर, डार्सी-रोज़ प्रसाद, अनिका तौव्हारे, अनिका टॉड, ईव वोलैंड

**नाइजीरियाः** लकी पीटीटी (कप्तान), एडेशोला अडेकुनले, पेकुलियर एगबोया, अभिषिक्त अखिग्बे, अमुसा कीहिन्दे, डेबोरा बस्सी (विकेटकीपर), जेसिका बिएनी, क्रिस्टाबेल चुक्कुओनी, ओमोसिघो एगुआकुन, विक्ट्री इग्बिनेडियन, नाओमी मेमेह, ब्यूटी ओगुई, लिलियन उडे, उसेन पीस, उमोह इनयेन

**समोआः** एवेटिया फेटू मापू (कप्तान), ओलिव लेफागा लेमो, वेरा फराने, एंजेल सुतागा सो, नोरा-जेड सलीमा, स्टेफ़ानिया पाउगा, जेन ताली%इलागी मनासे, मसिना ताफेआ, सिलिपिया पोलाटाइवाओ, कैटरीना उइसे ता सामू, स्टेला सगलाला, बारबरा एला केरेसोमा, अपोलोनिया के पोलाटाइवाओ, सेलिना लिलो, साला विलियामु

**साउथ अफ्रीकाः** कायला रेनेके (कप्तान), जेम्मा बोथा, फे काउलिंग, जे-ले फ़लिंडर, मोना-लिसा लेगोडी, सिमोन लॉरेन्स, काराबो मेसो, सेशनी नायडू, नथाबिसेंग निनी, लुयांडा नजुजा, डायरा रामलाकन, डिएड्रे वैन रेंसबर्ग, मिके वैन वूर्स्ट, एशले वैन विक, चैनल वेंटर

**ग्रूप डी**

ऑस्ट्रेलियाः लुसी हैमिल्टन (कप्तान) क्लो एन्सवर्थ, लिली बैसिंगथवेट, काओइमे ब्रे, एला ब्रिस्को, मैगी क्लार्क, हसरत गिल, एमी हंटर, सारा कैनेडी, एलेनोर लारोसा, ग्रेस लियोन्स, इनेस मैककॉन, जूलियट मॉर्टन, केट पेले, टेगन विलियमसन

**बांग्लादेशः** सुमैया अख्तर (कप्तान), अफिया आशिमा एरा, एमएसटी ईवा, फहोमिदा चोया, हबीबा इस्लाम पिंकी, जुएरिया फिरदौस, फारिया अख्तर, फरजाना इस्मिन, अनीसा अख्तर सोबा, सुमैया अख्तर सुबोरना, निशिता अख्तर निशि, लकी खातून, जन्नतुल माउआ, सादिया अख्तर, सादिया इस्लाम

**नेपालः** पूजा महतो (कप्तान), सोनी पाखरीन, तिरसाना बीके, रचना चौधरी, साबित्री धामी, कृष्मा गुरुंग, कुसुम गोदर, सीमाना केसी, अनु कदायत, किरण कुंवर, स्नेहा महरा, ज्योत्स्निका मरासिनी, सना प्रवीण, रिया शर्मा, अलीशा यादव

**स्कॉटलैंडः** नियाम मुइर (कप्तान), एमिली बाल्डी, मौली बारबोर-स्मिथ, गैब्रिएला फोंटेनला, लुसी फॉरेस्टर स्मिथ, पिप्पा केली, मैसी मैसीरा, किर्स्टी मैककॉल, चार्लोट नेवार्ड, मौली पार्कर, नायमा शेख, रोजी स्पीडी, पिप्पा स्प्राउल, रूथ मैके, एम्मा वाल्सिंघम।

# महावतार नरसिम्हा के टीजर का अनाउंसमेंट वीडियो हुआ जारी

निर्देशक अश्विन कुमार की सोच से बनी रोमांचक एनिमेटेड सीरीज़ महावतार नरसिम्हा हॉम्बले फिल्म्स और कलीम प्रोडक्शंस की एक और बेहतरीन पेशकश है। इसके साथ, ये दोनों बड़े प्रोडक्शन हाउस महावतार सीरीज़ लॉन्च करने की तैयारी में हैं, जिसमें भगवान विष्णु के कई अवतारों पर आधारित एक पूरा सिनेमाई यूनिवर्स बनेगा। पहली झलक को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिली है। अब मेकर्स ने एक शानदार वीडियो जारी किया है और घोषणा की है कि टीजऱ 14 जनवरी को दोपहर 12:33 बजे रिलीज हुआ।अश्विन कुमार की फिल्म महावतार नरसिम्हा हर दिन और भी ग्रैंड होती जा रही है। उत्साह अब अपने चरम पर है, और इस हाल ही में जारी हुए वीडियो ने महावतार सीरीज की शुरुआत की गवाही दी है। टीजऱ रिलीज़ की घोषणा ने और भी हलचल मचा दी है और अब सभी की उम्मीदें उस ताकतवर अवतार को देखने के लिए और बढ़ गई हैं। कहना होगा की महावतार नरसिम्हा की दुनिया को जानना एक




शानदार अनुभव होने वाला है.मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर इस एपिक अनाउंसमेंट वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, जब आस्था को चुनौती दी जाती है, तो वह प्रकट होते हैं. दहाड़ के लिए तैयार हो जाइए! आज 14 जनवरी को दोपहर 12:33 बजे महावतार नरसिम्हा का महाकाव्य टीजर देखें!महावतार-नरसिम्हा महावतार सीरीज की पहली कथा है. ये फिल्म भक्त प्रहलाद, विश्वास और आशा की कहानी सुनाती है, जिसमें भगवान विष्णु, नरसिंह के रूप में, अधर्म को नाश करने और मानवता को बहाल करने के लिए अवतार लेते हैं. रिलीज़ से पहले ही यह फिल्म आईएफएफआई में इंडियन पैनोरामा सेक्शन में अपनी प्रीमियर से चर्चा में आ चुकी है, जो इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल की सबसे टॉप कैटेगरी है.महावतार नरसिम्हा का डायरेक्शन अश्विन कुमार ने किया है, और इसे शिल्पा धवन, कुशल देसाई, और चैतन्य देसाई ने कलीम प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस किया है। हॉम्बले फिल्म्स के साथ मिलकर, जो अपनी आकर्षक कंटेंट के लिए जानी जाती है, यह पार्टनरशिप अलग-अलग एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स के जरिए एक सिनेमाई मास्टरपीस पेश करने का लक्ष्य रखती है. इस फिल्म की शानदार विजुअल्स, सांस्कृतिक विविधता, बेहतरीन फिल्म तकनीक, और मजबूत कहानी के साथ, इसे 3डी और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा।

# दुनियाभर में बजा नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज का डंका

### गेम चेंजर को पछाड़कर कूट डाले 56 करोड़

साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की मोस्ट अवेटेड फिल्म डाकू महाराज रविवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल ने विलेन का रोल प्ले किया है। अपने ओपनिंग डे पर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली डाकू महाराज ने रिलीज के पहले दिन वर्ल्ड वाइड कलेक्शन में भी कमाल कर दिया है और अपनी हैरतअंगेज कमाई से सभी को हैरान कर दिया है। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि डाकू महाराज ने पहले दिन वर्ल्ड वाइड कितने करोड़ की कमाई की है। डाकू महाराज तेलुगु सिनेमा की नई पेशकश के तौर पर 12 जनवरी दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है, जिसके दम पर फिल्म ने पहले दिन कमाई के मामले में धमाल मचा दिया है। इसी बीच डाकू महाराज के वर्ल्ड वाइड कलेक्शन की लेटेस्ट रिपोर्ट सामने आई है। वेबसाइट बॉलीवुड मूवीज रिव्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक डाकू महाराज ने पहले दिन वर्ल्ड वाइड 56 करोड़ की शानदार कमाई की है। इन आंकड़ों को देखते हुए कहा जा सकता है कि डाकू महाराज को न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोगों का प्यार मिला है। इन फिल्मों के वर्ल्ड वाइड ओपनिंग डे कलेक्शन को देखते हुए यह आसानी से कहा जा सकता है कि नंदामुरी बालकृष्ण के चाहने वाले पूरी दुनिया में मौजूद हैं। नंदामुरी बालकृष्ण की डाकू महाराज फिल्म को बॉबी कोहली ने डायरेक्ट किया है और अपने डायरेक्शन से उन्होंने एक बेहतरीन एक्शन-मसाला फिल्म तैयार की है। जिसके साथ डाकू महाराज ने राम चरण स्टारर पॉलिटिकल ड्रामा गेम चेंजर को कड़ी टक्कर दी है। एक तरफ गेम चेंजर ने रविवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर करीब 18 करोड़ का बिजनेस किया तो वहीं दूसरी तरफ डाकू महाराज ने 22.50 करोड़ की कमाई की है।




# केट शर्मा ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा अपनी बोल्डनेस से अक्सर फैंस के होश उड़ा देती हैं। उनके सारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।केट शर्मा टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। वो आए दिन अपनी स्टनिंग और हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं।टीवी एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर केट शर्मा ने हाल ही में नई ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में केट शर्मा ने पिंक कलर का सैटिन ड्रेस पहना है, जो उनके स्टाइलिश और सेंसुअस लुक को और भी आकर्षक बना रहा है. उन्होंने अपनी तस्वीरों को फ्लैट शूज़ के साथ पेयर किया है और एक हल्की सी ब्रैसलेट भी पहनी हुई है. उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग है, जो उनकी खूबसूरती को और बढ़ाता है. केट के बाल सॉफ्ट वेव्स में हैं, जो उनकी लुक को और भी एलिगेंट बनाते हैं.केट शर्मा इन तस्वीरों में आराम से बैठी हुई हैं और उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान है, जो उनके आत्मविश्वास को जाहिर करती है. इन तस्वीरों को देख कर उनके फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरें देखते ही रह जाते हैं।फैंस ने उनकी खूबसूरती और स्टाइलिश अंदाज की जमकर सराहना की है.आपको बताते चलें कि केट शर्मा टीवी की बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक हैं और वो अपने हर एक लुक से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।



# जसप्रीत बुमराह ने जीता आईसीसी का खास अवॉर्ड



### ऐसा करने वाले बने सिर्फ दूसरे भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली,14 जनवरी 2025।** आईसीसी ने दिसंबर 2024 महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की घोषणा कर दी है। ये अवॉर्ड भारत के जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस और साउथ अफ्रीका के डेन पैटरसन को पीछे छोड़ते हुए अपने नाम किया है। बुमराह ने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दमदार खेल दिखाया था, जिसका इनाम अब उन्हें इस अवॉर्ड के रूप में मिला है।

# ओबीसी आरक्षण भाजपा-कांग्रेस में टकराव

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### राकेश पुराम को मिला मुख्य तकनीकी परीक्षक का अतिरिक्त प्रभार



**रायपुर,14 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ लोक आयोग में तकनीकी सलाहकार के पद पर पदस्थ राकेश पुराम को मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के तहत, राकेश पुराम अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) का कार्यभार भी अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक संभालेंगे।

### कृष्ण कुमार अस्थाना का निधन

#### सीएम साय ने जताया शोक



**रायपुर,14 जनवरी 2025 (ए)।** वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार अस्थाना के निधन की जानकारी सामने आई है।. एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उनके निधन पर शोक जताया है। आज उन्होंने अंतिम सांस ली. अंतिम संस्कार आस-पास रीजनल पार्क मुक्तिधाम, इंदौर में किया गया।.

---

» ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा ने दी सफाई...

» प्रदेश अध्यक्ष ने तीन मंत्रियों के साथ ली प्रेसवार्ता...

» कांग्रेस पर लगाया आरोप

» जला पंचायतों में ओबीसी को अध्यक्ष पद पर आरक्षण नहीं मिलने की बताई वजह




**रायपुर,14 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार पर पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा का कहना है कि उसके प्रयासों से ही पिछड़ा वर्ग को अधिकतम 50 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है, जबकि कांग्रेस इसे शून्य करवाना चाहती थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि भाजपा की आंतरिक व्यवस्था से अनारक्षित सीटों पर पिछड़ा वर्ग को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलेगा।

### अनारक्षित सीटों पर ओबीसी को देंगे अधिक मौका

आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि हमने इस बात को सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है कि अनारक्षित सीटों पर पिछड़े वर्ग को अधिक प्रतिनिधित्व देंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले की स्थिति बहाल रहेगी एवं पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी।

### कांग्रेस हमेशा पिछड़ा वर्ग विरोधी रही : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस तीन चीजों पर भय, भ्रम और भ्रष्टाचार पर आधारित राजनीति करती है। अरुण साव ने विस्तार से आरक्षण के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से ओबीसी विरोधी रही है। साव ने कहा कांग्रेस हमेशा पिछड़ा वर्ग की विरोधी रही है। वह आरक्षण के खिलाफ रही है। तब की कांगेस सरकार द्वारा 'कालेलकर आयोग' की अनुशंसा को ठंडे बस्ते में डाल देने के बाद आगे फिर 'मंडल आयोग' तक का इंतज़ार करना पड़ा। ओबीसी वर्ग को भाजपा पर्याप्त से ज्यादा सम्मान देगी। चुनाव के बाद ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधत्व पूर्व से अधिक होगा।

### अध्यक्ष पद पर ओबीसी का आरक्षण नहीं होने की बताई वजह

अरुण साव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 33 में से 16 जिले अधिसूचित जिले है तथा राज्य में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 12.72त है। उस अनुपात में 4 सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हुई है। इस तरह से कुल 33 में से 20 सीटें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हुई, जोकि 50 प्रतिशत से अधिक है। इसलिए अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का कोई पद आरक्षित नहीं हो पाई है। जबकि जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच के पदों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए नियमानुसार पद आरक्षित हुए है। इस प्रकार राज्य सरकार ने जो आरक्षण निर्धारित किया है, वह सर्वोच्च न्यायालय के नियमानुसार ही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण के मुद्दे पर बवाल करने में लगी है। कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाने में लगी है।

### झूठ की राजनीति कर रही कांग्रेस : किरण देव



इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि कांग्रेस केवल झूठ की राजनीति करती है, वह मुद्दों के अभाव से जूझ रही है, राजनीतिक पतन की तरफ बढ़ रही है, इसलिए केवल वर्ग संघर्ष की बात करना, प्रदेश में माहौल खराब करने का प्रयास करना, षड्यंत्र करना, यही कांग्रेस का काम रह गया है।

प्रदेश भाजपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने तो वास्तव में ओबीसी आरक्षण के विरोध में कोर्ट जाने वाले और ओबीसी का आरक्षण रोकने वाले लोगों को पुरस्कृत करने का काम किया है। भाजपा कांग्रेस के सभी षडयंत्र उजागर करती रहेगी और कांग्रेस का झूठ अब चलने वाला नहीं है।

## ओबीसी आरक्षण मामले को आज कांग्रेस करेगी प्रदर्शन



नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण में कटौती के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन करने जा रही है। इसका ऐलान पीसीसी चीफ दीपक बैज ने किया। उन्होंने कहा, ओबीसी आरक्षण के विरोध में 15 जनवरी को सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## जर्नलिस्ट मुकेश चंद्राकर के परिवार को मिलेगी 10 लाख की सहायता



» उनके नाम से बनेगा पत्रकार भवन

**रायपुर,14 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसके साथ ही, उनके नाम पर एक पत्रकार भवन का निर्माण किया जाएगा। इस घोषणा की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर जिले के दौरे पर रवाना होने से पहले दी

### सीएम साय का कांग्रेस पर तीखा प्रहार

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में कुल 33 जिले है, जिनमें से 16 अधिसूचित क्षेत्र में आते हैं। अधिसूचित क्षेत्र के सभी अध्यक्ष के पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होंगे। वहीं 33 में से 4 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। क्या ये कांग्रेस के नेता संविधान को मानते हैं, उन्होंने कभी पढ़ा है? संविधान के तहत ही आरक्षण की प्रक्रिया हुई है। सभी पदों में पर्याप्त आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए मिला है। कांग्रेस का इतिहास आरक्षण के विरोध का रहा है।

## सरकार से पत्रकार मुकेश चंद्रकार के भाई ने मांगी सुरक्षा



साय सरकार से पत्रकार मुकेश चंद्राकार के भाई ने सुरक्षा मांगी है। ट्विटर के जरिये पत्रकार मुकेश के भाई युकेश चंद्रकार ने सरकार से मांग करते हुए कहा, मुझे प्रोटेक्शन की ज़रूरत महसूस हो रही है,जीने का शौक नहीं है लेकिन अब लड़ना है मुझे ! लड़ने के लिए जिंदा रहना ज़रूरी है, मेरे और मेरे परिवार के लिए सुरक्षा की मांग कर रहा हूं, कृपया हमें सुरक्षा मुहैय्या करवाई जाए।

### किसी ने अस्थि कलश को तोड़ा

युकेश चंद्रकार ने सोशल मीडिया में बताया कि मुकेश की अस्थियां उठाकर रखी थीं हमने, किसी ने अस्थि कलश को फोड़कर अस्थियां बिखेर डालीं ! आज मुकेश के अस्थि विसर्जन की रस्म पूरी की जानी है । मुझे कहीं से पता चला था कि भाई को अधमरा होने तक मारकर उस पर बुलडोजर चलाई गई थी ! हम इंसान हैं ? इस पर एसपी ने जांच के निर्देश दिए है, जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## अब पूर्व सीएम भूपेश बघेल की बेटी की नियुक्ति की सीबीआई जांच की मांग

### मुख्यमंत्री को भाजपा नेता उज्जवल दीपक ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर,14 जनवरी 2025 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर भाजपा नेता उज्जवल दीपक ने ज्ञापन सौंपा और कांग्रेस शासन में हुए पीएससी घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण मांगे रखीं। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पूर्व की बेटी के पीएससी द्वारा सहायक प्राध्यापक पद पर चयन की जांच सीबीआई से कराने की मांग भी की है। मुख्यमंत्री उन्हें भरोसा दिलाया कि वो छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देंगे।

सन 2018 से लेकर 2023 तक आयोजित सभी परीक्षाओं एवं भर्तियों को सीबीआई जांच के दायरे में लाया जाए।

2021 और 2022 की परीक्षा रद्द कर सभी नियुक्तियों को रद्द किया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बेटी के पीएससी द्वारा सहायक प्राध्यापक पद पर चयन की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।

## शेयर मार्केट से पैसा कमाने का झांसा देकर 11 लाख से अधिक की ठगी



**रायपुर,14 जनवरी 2025 (ए)।** शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 11 लाख 57 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी किशन प्रसाद धीवर सिंचाई कालोनी लालपुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 90226-84574 से वॉटसअप मैसेज किया और शेयर मार्केट में पैसा लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर प्रार्थी से अपने खाते में 11 लाख 57 हजार रुपए जमा करवा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## मनाली से घर लौट रही 2 मेकअप आर्टिस्ट युवतियों की सड़क हादसे में हुई मौत

**कोरबा ,14 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ की 2 युवतियां और एक युवक आज मनाली से घर लौटने के दौरान दर्दनाक हादसे के शिकार हो गए। वे मनाली ट्रिप करने के बाद वापस कोरबा लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल रवाना किया। इस दौरान घायल युवती ने भी रास्ते में ही दम तोड़ दिया।. वहीं हादसे में बुरी तरह घायल एक युवक का इलाज अभी जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृत युवतियों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के मुताबिक, हादसे के समय कार में 3 लोग सवार थे, जो मनाली से घूमकर लौट रहे थे. वे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अपनी कार में कोरबा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बिलासपुर-कटघोरा नेशनल हाईवे पर पाली थाना क्षेत्र के चैतमा के पास स्थित एक डिपोजल फैक्ट्री के नजदीक उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी. डिवाइडर से टकराने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.। वहीं इस हादसे में दोनों युवतियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस हादसे का मुख्य कारण कार को तेज रफतार से चलाना और ड्राइवर का वाहन पर से नियंत्रण खोना है।. कटघोरा मार्ग पर लगातार हादसे की खबरें आती रहती हैं। वहीं आज इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार के खतरों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने लोगों से सुरक्षित और सतर्क होकर वाहन चलाने की अपील की है।





## जांजगीर में गार्ड को गोली मारकर शराब दुकान से 60 लाख की लूट

» नकाबपोश दो बदमाशों ने ऐसे दिया वारदात को अंजाम

**जांजगीर-चांपा,14 जनवरी 2025 (ए)।** जांजगीर में नकाबपोश 2 बदमाशों ने एक गार्ड को गोली मारकर लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। घायल गार्ड को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना को अंजाम देकर 60 लाख रूपए से ज्यादा लेकर बदमाश फरार हो गए हैं। शराब दुकान में रूपए कलेक्शन के लिए गार्ड पहुंचा था, खोखरा गांव की शराब दुकान का मामला है।

लूट की यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खोखरा में स्थित देशी शराब भट्ठी के पास शाम के समय हुई। कलेक्शन टीम ने क्षेत्र की अलग-अलग शराब दुकानों से लगभग 60 लाख रुपये इकट्ठा किए थे। जब टीम खोखरा शराब दुकान से कैश लेने पहुंची, तभी बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे। गार्ड को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने कट्टानुमा हथियार से फायरिंग की, जिससे गार्ड के पैर में गोली लग गई। घायल गार्ड मौके पर ही गिर पड़ा, और बदमाश वैन में रखे कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जिले में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत जिले भर में नाकेबंदी करवाई और कई स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट लगाए। पुलिस की टीमें आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं, ताकि लुटेरों की पहचान की जा सके। प्राथमिक जांच में पता चला है कि बदमाशों ने कट्टानुमा हथियार का इस्तेमाल किया। दिनदहाड़े हुई इस लूट की वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं। घटना को लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। जांजगीर के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस वारदात के बाद शराब दुकानों से कैश कलेक्शन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने का आश्वासन दिया है।

## सर्च ऑपरेशन के दौरान बरामद की बंदूकें,टिफिन बम समेत नक्सली सामग्री



### सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता,

**कोंडागांव,14 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों द्वारा जारी कायराना करतूत के बीच कोंडागांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के छिपाए गए हथियार, विस्फोटक सहित अन्य सामान मिले हैं। जवानों ने बड़ी संख्या में बंदूके, टिफिन बम और दैनिक सामग्री बरामद किया है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना पुंगारपाल क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर कोंडागांव की डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम रवाना हुई थी। इस दौरान जवानों को 12 जनवरी को तुमड़ीवाल जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में नक्सली डंप मिला। घेराबंदी कर सर्चिंग में भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की है।

### टिफिन बम से सीआरपीएफ जवानों को उड़ाने की साजिश नाकाम


**बीजापुर,14 जनवरी 2025 (ए)।** नक्सल प्रभावित इलाके में सुरक्षा बल के जवानों ने आज नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है। बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र में कैम्प मुतवेंडी सीआरपीएफ 85 बटालियन ने एरिया डॉमिनेशन के दौरान 5 कि.ग्रा. का आईईडी बरामद कर नष्ट कर दिया है।



## रायपुर में अपराधियों की संख्या में बढ़ोत्तरी

### नए गुंडे-बदमाशों की एंट्री से हत्या में 23 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

**रायपुर,14 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और इसके आसपास के जिलों में अपराधों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो पुलिस प्रशासन के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। पिछले एक साल में जिले में 150 से अधिक नए अपराधियों, जिनमें गुंडे और बदमाश शामिल हैं, की एंट्री हुई है। इन अपराधियों के साथ-साथ शहर में हत्या और अन्य गंभीर अपराधों की घटनाओं में भी उछाल आया है। खासकर चाकूबाजी, मारपीट और हत्या जैसी वारदातें बढ़ी हैं, जिससे आम नागरिकों में भय का माहौल बन गया है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)